51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.0°c | अधिकतम 37.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:53, सूर्यास्त : 6:45 | वर्ष : 51/ अंक : 103 | शनिवार, 15 अप्रैल 2023 | बैसाख, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

कुछ रिश्ते ऊपर वाला खराब कर देता है, ताकि हमारी जिंदगी खराब न हो।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर दलबदल कानून में सुधार किया जाएगा : दिग्विजय सिंह

हजारों ख़्वाहिशें ऐसी.... कि हर ख़्वाहिश पे दम निकले.....

# टिकटों के घमासान के बीच नेताओं को कुर्ते की फिक्र

**▸ दावेदारों की भीड़ के बीच कुर्ते फटने की आ सकती है नौबत ▸ भाजपा में टिकट के लिए आज भी हवा में तैरते रहे कई नाम**

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** भाजपा में टिकट को लेकर घमासान के बीच मुजफ्फरनगर पालिका के लिए टिकट को लेकर आज भी तमाम तरह की बातें हवा में तैरती रहीं और जिला स्तर से भेजे गए पैनल को लेकर भी परस्पर विरोधी बयान उछलते रहे। हालांकि बाद में तमाम दावेदार कल का इंतजार करने की बात करते नजर आए। भाजपा ने वार्डो से भी तीन-तीन नामों के पेनल हाईकमान को भेजे हैं और अब गेंद लखनऊ के पाले में है। हालांकि टिकट को लेकर यहां जिम्मेदार माने जा रहे नेताओं के कपड़े फटने की नौबत भी आ गई है। आज टिकट के दमदार दावेदार माने जा रहे कुश पुरी ने अपनी पत्नी अंशु पुरी के लिए नामांकन पत्र खरीदा। इस दौरान पार्टी के कई जिम्मेदार नेता भी उनके साथ थे।

चेयरमैनी चुनाव को लेकर यूं तो तमाम राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के नामों की औपचारिक घोषणा का इंतजार शहरवासी ही नहीं पार्टियों के नेता और टिकटों के दावेदार भी कर रहे हैं। पालिका चुनाव के लिए नामांकन में सिर्फ दो दिन की दूरी बची है। जिले में सत्रह अप्रैल तक नामांकन होने हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि कल तक तमाम राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की सूची सामने आ जाएगी। भाजपा में टिकट को लेकर कई माह से चल रही हलचल के बीच आज पार्टी की स्थानीय स्क्रीनिंग कमैटी की ओर से चेयरमैन और वार्ड सभासद पद के लिए पेनल भेजे जाने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। हालांकि इसे लेकर पार्टी के नेता खामोशी इख्तियार किए रहे। इसके बावजूद भाजपा के पेनल को लेकर आज तमाम तरह की खबरें हवाओं में तैरती रहीं। पार्टी के टिकट के बड़े दावेदार माने जा रहे कुश पुरी अपनी पत्नी अंशु पुरी के नामांकन के लिए आज कागज लेने कचहरी पहुंचे। उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखदर्शन सिंह बेदी, पूर्व सभासद व आईआईए के अध्यक्ष विपुल भटनागर, अमित गर्ग समेत कई अन्य लोग शामिल थे। कुश पुरी ने हालांकि इस मौके पर कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया और मुस्कुराते हुए अपने साथियों के साथ वहां से रवाना हो गए। भाजपा के टिकट को लेकर आज जो नाम चर्चा में रहे उनमें मीनाक्षी स्वरूप-गौरव स्वरूप, ममता अग्रवाल-दीप अग्रवाल, दीपिका गोयल-राहुल गोयल, मितिका गर्ग-संजय गर्ग, रेणु गर्ग, अंशुपुरी- कुशपुरी, अंजू बाठला-अशोक बाठला, सुनीता शुक्ला- विजय शुक्ला, शालिनी शर्मा-डॉ आशुतोष शर्मा व श्वेता कौशिक-शलभ कौशिक आदि के नाम अधिक मजबूत बताए गए हैं। इसके अलावा खतौली नगर पालिका तथा आठ नगर पंचायतों के लिए भी कई नाम चर्चा में रहे। हालांकि यह नाम तब तक हवाई माने जा रहे हैं, जब तक पार्टी की ओर से औपचारिक रूप से एक नाम पर मुहर नहीं लगाई जाती। पार्टी की स्क्रीनिंग कमैटी की आज भी कई दौर की बैठक हुई और सोर्स सिफारिशों के दौर के बीच अब पार्टी के उन नेताओं के कुर्ते फटने की नौबत आ गई है, जो अभी तक तमाम नेताओं को लिफाफे थमाते रहे हैं। स्थानीय स्क्रीनिंग कमैटी से पेनल भेजे जाने के बाद अब कई दावेदार लखनऊ में डेरा डाले हुए हैं, क्योंकि टिकट पर अंतिम मुहर वहीं से लगनी है।

## कांग्रेस में भी टिकट के कई दावेदार

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** पिछले दो चुनावों में मुजफ्फरनगर पालिका में बड़ी उलटफेर कर चेयरमैनी पर कब्जा करने वाली कांग्रेस के टिकट के आधा दर्जन से अधिक दावेदार मैदान में आ गए हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार मुजफ्फर नगर पालिका के चेयरमैन पद के लिए आधा दर्जन से अधिक दावेदार टिकट के लिए आवेदन कर चुके हैं। पार्टी से टिकट के दावेदारों में प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक सिंघल की पत्नी भावना सिंघल, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अब्दुल्ला आरिफ की पत्नी आईशा आरिफ, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत के निजी सचिव और भाकियू नेता कमल मित्तल भी अपनी पत्नी पूनम मित्तल, कांग्रेस नेत्री बिल्किस चौधरी और व्यापारी नेता स्वर्गीय रेवती नंदन सिंघल की बेटी शालू ने अपने आवेदन पार्टी अध्यक्ष को सौंपे हैं। इनके अलावा कांग्रेस की निगाह ऐसे नेताओं पर भी टिकी है जो दूसरी पार्टियों से टिकट ना मिलने पर पाला बदल सकते हैं।




## जिले की सीमाओं पर पुलिस अलर्ट

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)। नगर निकाय चुनाव के चलते जहां जिले की सीमा पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू की गई हैं। वहीं चुनावी शराब पर निगरानी के लिए खादर के गांवों में ड्रोन से निगरानी की जा रही हैं। चुनाव आचार संहिता लगते ही जिले की सीमाओं पर अलर्ट जैसे हालात हैं। अंतरजनपदीय और अंतरराज्यीय सीमाओं को सील कर दिया गया है। पुलिस ने सीमा पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी हैं। विशेष तौर पर चुनाव में अवैध हथियारों और शराब की तस्करी पर पुलिस ने निगाहें लगाई हैं।**

# टिकट की घोषणा से पूर्व ही कुशपुरी ने खरीदा पर्चा

**राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म**



**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** शुक्रवार को राजनीतिक गलियारों में उस समय तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गई, जब एकाएक कुशपुरी अपने समर्थकों के साथ पर्चा लेने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जैसे ही उनकी ये खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तो राजनीतिक गलियारों में दो तरह की चचाएं होती दिखाई दी। कुछ लोगों ने कहा कि शायद भाजपा से कुशपुरी का टिकट पक्का हो गया है, इसी कारण पर्चा खरीदा गया है। वहीं दूसरी ओर चचाओं का बाजार यह गर्म हुआ कि शायद अब कुशपुरी अपने व्यक्तिगत दम पर चुनाव लड़ने को तैयार हैं, क्योंकि भाजपा ने तो यह ठान रखी है कि वह मुजफ्फरनगर चेयरमैनी की सीट वैश्य समाज को ही सौंपेंगे। इसी कारण पंजाबी समाज व वैश्य समाज से जुड़े कुशपुरी ने अपनी तैयारी पहले से ही करली, यदि उन्हें भाजपा द्वारा टिकट दिया गया, तो भी उक्त पर्चा लेने का अर्थ सामने निकलता दिखाई देगा। वहीं किसी और पार्टी से अथवा अपने दम पर चुनाव लड़ना पड़ा, तो भी उक्त पर्चा काम आयेगा। पर्चा खरीदते समय उनके साथ वैश्य व पंजाबी दोनों समाज के लोग उनके समर्थन में साथ दिखाई दिये। अब देखना यह होगा कि कुशपुरी का पर्चा खरीदना अगले तीन दिन बाद क्या नया गुल खिलाता है। यह तो साफ हो गया कि उन्हें किसी ना किसी बड़ी पार्टी से चुनाव लड़ने का आश्वासन मिल चुका है।

## पंजाबी समाज को टिकट ना हुआ तो पंजाबी समाज भी दिखायेगा अपना दम

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** चेयरमैनी चुनाव में दमदारी से टिकट मांग रहे पंजाबी समाज का मूड भी इस समय उखड़ा-उखड़ा सा दिख रहा है। पंजाबी समाज भी इस बार भाजपा का विरोध करने के मूड में दिखाई पड़ रहा है। यदि पंजाबी समाज से चेयरमैनी चुनाव में प्रत्याशी ना उतारा गया, तो हर हाल में पंजाबी समाज भी इस बार सभी पार्टियों को नजरअंदाज करने के मूड में दिखाई देगा। पंजाबी समाज ने यह अहसास भी करा दिया कि यदि पंजाबी समाज के व्यक्ति को टिकट नहीं मिलता और उनके उम्मीदवार किसी अन्य पार्टी से चुनाव लड़ते हैं, तो वह समाज के व्यक्ति का साथ देंगे, फिर चाहे उन्हें हार का ही मुंह क्यों ना देखना पड़े, मगर इस बार उन्हें सबक जरूर सिखाकर रहेंगे।

## दिल्ली में कार्यालय में बैठे भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली, 14 अप्रैल(एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में भाजपा नेता सुरेंद्र मटियाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। भाजपा नेता उस दौरान अपने कार्यालय में बैठे थे। वारदात को बिंदापुर थाना क्षेत्र में दिया गया है। सुरेंद्र भाजपा किसान मोर्चा नजफगढ़ जिला के प्रभारी थे।

# करते रहिए अवकाश, हम तो बेचेंगे शराब

**▸ अम्बेडकर जयंती पर अवकाश के बावजूद ठेके पर बेची जाती रही शराब**
**▸ अलमासपुर के अंग्रेजी शराब ठेके की दीवार में छेद बनाकर खूब की गई बिक्री**

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** जिले में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर अवकाश होने के बावजूद शुक्रवार को ठेकेदार शराब बेचने से बाज नहीं आए। ठेके के शटर के बराबर में छेद बनाकर दिन भर शराब बेची जाती रही। ठेके के सेल्समैन की यह पूरी करतूत बुलेटिन के केमरे में कैद हो गई। अब आबकारी अधिकारी इस मामले में कार्यवाही की बात कह रहे हैं। सवाल उठता है कि क्या प्रशासन का आदेश शराब ठेकेदारों के लिए कोई मायने नहीं रखता? अलमासपुर के अलावा अन्य शराब के ठेकों पर भी इसी तरह बिक्री का खेल चलता रहा।

जिला प्रशासन ने अम्बेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को शराब के ठेकों की बंदी के आदेश दिये थे। शुक्रवार दोपहर को मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम नगर पालिका के वार्ड नम्बर एक अलमासपुर में चुनावी माहौल का जायजा लेने पहुंची थी। लोगों से बातचीत के दौरान गांव के अंग्रेजी शराब के ठेके पर छुट्टी के बावजूद शराब बेचे जाने की शिकायत सामने आई। टीम जब ठेके के सामने पहुंची तो लोगों की शिकायत सही साबित हुई। अंग्रेजी शराब के ठेके का शटर तो बंद था, लेकिन शटर के बराबर में एक छेद दीवार में किया गया था। इसी छेद से पानी की सप्लाई के लिए एक छोटा पाइप दुकान में अंदर जा रहा है। शराब के शौकीन इसी छेद के माध्यम से शराब की खरीदारी करते नजर आये। छेद के अंदर पहले मांग के अनुरूप रकम पहुंचाई जा रही थी और इसके बाद अंदर मौजूद सेल्समैन शराब का क्वार्टर, हाफ और बोतल उपलब्ध करा रहा था। ठेके में यह छेद इतना नीचा बना हुआ है कि शराब खरीदने वाले को नीचे बैठकर शराब लेनी पड़ती है। अम्बेडकर जयंती पर छुट्टी के बावजूद शराब बेचने का यह पूरा खेल बुलेटिन टीम ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। शराब खरीदने वालों से जब सवाल किया गया तो उनका कहना था कि नियम तो तोड़ने के लिए ही बनते हैं। सेल्समैन से भी बात करने की कोशिश की गई, लेकिन सीसीटीवी कैमरे में बुलेटिन टीम को देखकर वो सारा माजरा सम-ा गया। तत्काल ठेके के ऊपर बनी बिल्डिंग में आकर शराब बेचने से इंकार करता रहा। इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश का कहना है कि अम्बेडकर जयंती पर शराब के ठेके पूरी तरह बंद करने के आदेश जारी किये गये थे। बावजूद इसके शराब बेचने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि आबकारी विभाग शराब ठेकेदार पर कब तक और क्या कार्यवाही करता है?






## प्रयागराज में खुदी कब्र, नाना और मौसा करेंगे असद का दफीना

**लखनऊ।** गुरुवार को एसटीएफ ने एनकाउंटर में मारे गए उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहे पांच लाख के इनामी अतीक के बेटे असद अहमद और शूटर गुलाम के शवों का पोस्टमार्टम हो चुका है और अभी तक उसका शव लेने कोई नहीं पहुंचा। माफिया अतीक अहमद के बेटे असद का शव कल दफनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि असद का शव देर रात प्रयागराज पहुंचेगा। असद और गुलाम के शव परिजनों को झांसी में नहीं सौंपे जाएंगे। पुलिस अपनी निगरानी में इनके शव प्रयागराज लेकर जाएगी, जहां पुलिस की निगरानी में ही इन्हें सुपुर्दे-खाक किया जाएगा। एनकाउंटर में मारे गए असद का शव उसके दादा की कब्र के पास दफनाया जाएगा। एनकाउंटर की सूचना के बाद पुश्तैनी आवास पर लोगों की भीड़ जुट गई। सगे संबंधियों के आने का क्रम देर रात तक चलता रहा। इस बीच मौके पर पुलिस भी पहुंची, थोड़ी देर पूछताछ के बाद पुलिस लौट गई। अतीक के करीबी रिश्तेदारों ने बताया कि असद के शव को झांसी से लाने के बाद पुश्तैनी घर पर रखा जाएगा। इसके बाद 120 फीट रोड स्थित कसारी मसारी कब्रिस्तान में दादा की कब्र के पास उसे दफनाया जाएगा। उमेश पाल हत्याकांड में घर के लोगों के वांछित होने के कारण नाना और मौसा ही कब्रिस्तान में उसके शव को सुपुर्द खाक की रस्म को पूरा कराएंगे। उमेश पाल हत्याकांड में शामिल शूटर गुलाम के परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि उन्होंने कई बार उसे समझाया कि बुरे रास्ते पर मत जा, सुधर जा, लेकिन वह नहीं माना।

**दुकान बिकाऊ है**
8 x 33 फीट (28 गज) साईज में (16.5 x 33 = 57 गज) बनी दुकान छत सहित बिकाऊ है।
हार्डवेयर, प्लाईवुड, पेन्ट्स और सेनेट्री आदि व्यवसायों के लिए उपयुक्त
लोहिया बाजार वाली गली, बजरंग हार्डवेयर के सामने, निकट मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क करें :- कुमार 9758337229

**कोठी बिकाऊ है**
266 वर्ग गज में बनी डबल स्टोरी (दोनों साइड चौड़ी रोड), 6 BHK, ड्राइंग रूम, डाइनिंग हॉल, किचन, स्टोर हर मंजिल पर (3 कार पार्किंग) कोठी बिकाऊ है।
गांधी कॉलोनी, निकट वैष्णो देवी मंदिर
पुण्डीर - 9997991965, 9412494508, कुमार - 9758337229

# अरविन्द केजरीवाल को सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया

**संजय सिंह बोले- पता था अगला नंबर केजरीवाल का है**

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल(एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने 16 अप्रैल सुबह 11 बजे बुलाया है। जानकारी सामने आ रही है कि केजरीवाल से भी दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले को लेकर सवाल जवाब करेगी। अब यह बात भी सामने आ रही है कि केजरीवाल सीबीआई मुख्यालय जाएंगे और जांच में शामिल होंगे। सीबीआई द्वारा केजरीवाल को पूछताछ के नोटिस भेजे जाने पर आम आदमी पार्टी की ओर से पहली प्रतिक्रिया देते हुए सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर लिखा, अत्याचार का अंत जरूर होगा। उन्होंने इस मुद्दे पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मैंने अरविंद केजरीवाल से पहले ही कह दिया था कि जेल जाने का अगला नंबर आपका है। ये लोग (बीजेपी) मोदी जी का भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कुछ भी करेंगे और आज सीबीआई का समन आ गया। संजय सिंह ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि आपने देश का पैसा अपने दोस्त (अडानी) के बिजनेस को बढ़ाने के लिए लगाया है। केजरीवाल के खिलाफ साजिश रची गई, लेकिन इस साजिश के खिलाफ केजरीवाल की लड़ाई रुकेगी नहीं। आपने जो लाखों करोड़ों रुपये का घोटाला किया है उसके बारे में देश के हर कोने में जाकर बताना जरूरी है, जिस केजरीवाल ने दिल्ली को स्वच्छ पानी, मुफ्त बिजली और बेहतर शिक्षा दी। भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी मुहिम थमने वाली नहीं है। आपने अपने दोस्त के साथ मिलकर लाखों करोड़ों का घोटाला किया। उसे दबाने के लिए ये गिरफ्तारी की साजिश रच रहे हैं। केजरीवाल पहले भी आपसे लड़ते रहे हैं और आगे भी आपसे लड़ते रहेंगे। आगे भी भ्रष्टाचार के खिलाफ ये मुहिम जारी रहेगी। ये तमाम लड़ाइयां आगे भी जारी रहेंगी। इससे न दिल्ली वालों का काम रुका और न वो झुके। बता दें कि दिल्ली में नई आबकारी नीति में हुए कथित घोटाले मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। उन्हें सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के नोटिस का जवाब देने के लिए आम आदमी पार्टी भी आक्रामक नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि पार्टी वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से इस मामले में कानूनी सलाह लेगी।



## गृह क्लेश में फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मीरापुर, 14 अप्रैल (बु.)। गृह क्लेश के चलते एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। मेरठ जनपद के गांव इंचौली निवासी एक युवती का विवाह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मीरापुर थानाक्षेत्र के गांव कासमपुरखोला निवासी अपनी सगी बहन के देवर के साथ हुआ था। कुछ दिन से पति-पत्नि में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। गुरूवार की देर शाम किसी बात से नाराज होकर विवाहिता ने खुद को कमरे में बंद कर-के फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद उसकी बड़ी बहन (जेठानी) ने उसे लटके हुए देखा, तो चीख चीखकर अन्य परिजनों को बुलाया, जिसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे दरवाजा तोड़कर नीचे उतारा, सूचना पर मृतका के परिजन भी मौके पर पहुँच गए और ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को मौके पर बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। कुछ देर बाद सीओ शकील अहमद भी मौके पर पहुँच गए तथा मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। समाचार लिखें जाने तक मुकदमा दर्ज नही हुआ था। मामले पर इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर आने पर कार्यवाही की जाएगी।**

**रमज़ान-2023**

| तेइसवां रोजा-15-04-2023 | | |
|---|---|---|
| सुन्नी | इफ़तार | शिया |
| 6:46 | | 6:58 |

| चौबीसवां रोजा-16-04-2023 | | |
|---|---|---|
| सुन्नी | सहरी | शिया |
| 4:26 | | 4:23 |

**दिल्ली एवं लखनऊ के प्रशिक्षित न्यूरो सर्जन**
अब आपके शहर मुजफ्फरनगर में
रविवार, 09 अप्रैल 2023 से
(ओपीडी - प्रत्येक रविवार)
इन रोगों के लिए सुविधा उपलब्ध है :-

| | |
|---|---|
| Headache | सिरदर्द, माइग्रेन |
| Head Trauma | सिर की चोट |
| Brain Tumour | दिमाग का कैंसर |
| Brain Stroke (Paralysis) | लकवा |
| Low Back Pain | कमर दर्द |
| Epilepsy | मिर्गी के दौरे |
| Memory Loss | याददाश्त की कमी |
| Dizziness | चक्कर आना |

ओपीडी समय 11 से 1 बजे तक
हाथ-पैरों में नसों की समस्या एवं दिमाग व रीढ़ की हड्डी के समस्त रोगों के लिए सम्पर्क करें।
डॉ. दिनेश सिंह
MBBS, MS, MCh
Neurosurgeon
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें :- 9412210556, 8010021072
बच्चों में मानसिक सामान्य विकास में कमी, सीखने की क्षमता
CEREBRAL PALSY, AUTISM, ADHD आदि समस्याओं का ईलाज।
पता :-
बंसल नर्सिंग होम
37/3, सिविल लाइन, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर





## निकाय चुनाव... नगर पंचायत में नया चेयरमैन चुनने के लिए 10,355 मुस्लिम एवं 8,544 हिंदू मतदाता करेंगे वोटिंग

# शाहपुर में इस बार रोचक होगी चेयरमैनी की जंग

-सचिन संगल

**शाहपुर, 14 अप्रैल (बु.)।** नामांकन दाखिल किए जाने के साथ ही आज से नगर निकाय चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। शाहपुर में इस बार कुल मतदाता चेयरमैन सहित सभासदों का चुनाव करेंगे। 5 वर्षों की तुलना में इस बार मतदाताओं की संख्या में 2,570 का इजाफा हुआ है। कुल मतदाताओं में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 10,355 है, जबकि हिंदू मतदाता 8,544 अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। नगर में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या हिंदू मतदाताओं से 1,811 अधिक हो गई है। मतदान हेतु शाहपुर में कुल 9 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 22 बूथों यानी मतदान स्थलों पर वोट डाले जाएंगे।

स्थानीय निकाय के चुनाव हेतु बिगुल पूरी तरह बज चुका है, चुनाव कार्यक्रम घोषित हो चुका है, जबकि अध्यक्ष पद समेत वोटों का आरक्षण भी तय हो चुका है तथा जिसे नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। 4 मई को मतदान एवं 13 मई को मतगणना होगी। संभावित दावेदारों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। अभी तक व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं की नब्ज टटोल रहे उम्मीदवार अब जुलूस के रूप में नगर के गली मोहल्लों में देर रात्रि तक अपने पक्ष में माहौल बनाते देखे जा सकते हैं। प्रशासन ने गत् दिनों 3 महीने बाद फिर से मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन शासन के दिशा-निर्देश अनुसार कर दिया है, जिसमें गत् एक जनवरी को 18 वर्ष के हुए मतदाताओं के वोट बनाए गए, जबकि इस बीच जो मृत्यु को प्राप्त हो गए, उनके वोट काटे भी गए, जिसको लेकर चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति से लेकर आम मतदाताओं में भी जिज्ञासा का माहौल था।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन संवाददाता ने नगर के मतदाताओं का पूरा आंकड़ा जिताया है, जिसके अनुसार इस बार चुनाव में कुल मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। यहां कस्बे में सबसे ज्यादा उत्सुकता इस बात की गई है कि हिंदू एवं मुस्लिम मतदाताओं के बीच वोटों का अंतर कितना है, हालांकि शाहपुर में हमेशा से दोनों समुदाय के लोग जाति धर्म से ऊपर उठकर एक दूसरे प्रत्याशियों को वोट देते रहे हैं। इसके बावजूद राजनीतिक पंडित धर्म के चश्मे से ही वोटों के इस अंकगणित को लोगों को समझाते हैं। हमारा उद्देश्य मतदाताओं को धर्म के आधार पर बांटना नहीं है, लेकिन पाठकों की जिज्ञासा के अनुरूप हमने मतदाता सूची का अवलोकन किया तो उसके अनुसार पाया कि नगर में कुल मुस्लिम मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जबकि हिंदू वोटर अपने मत का प्रयोग करेंगे। यह बहस भी शाहपुर कस्बे में लंबे अरसे से रही है कि हिंदू मुस्लिम वोटों के बीच कितना अंतर है। कभी कोई 500 वोट बताता है, कभी 1000 वोट बताता है, कभी 1500, लेकिन अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद जो आंकड़ा निकल कर आया है, उसके अनुसार शाहपुर नगर में हिंदू मतदाताओं की अपेक्षा मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 1811 अधिक है। 5 वर्ष पूर्व यह आंकड़ा कम था, वहीं दूसरी ओर पिछले चुनाव में नगर में कुल 16,329 मतदाता थे। 5 वर्षों में कुल मतदाताओं की संख्या में भी 2,570 वोटों का इजाफा हो गया है। शाहपुर की वोटों के अंकगणित को समझने वाले बुलेटिन की इस खबर के बाद चुनावी समीकरण एवं चुनावी ऊंट किस करवट बैठ सकता है, इसके गुणा भाग में जरूर जुट जाएंगे। शाहपुर में कुल 9 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, इनमें 22 मतदान स्थल हैं। मतदान केंद्रों में हरिजन चौपाल, आदर्श प्राथमिक विद्यालय, शाहपुर कन्या इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 व 2, दिगंबर जैन स्कूल, इस्लामिया मदरसा, कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं।



### शाहपुर नगर पंचायत में इस बार के चुनाव में बहुसंख्यक हिंदू वोटरों के मुकाबले 1811 मुस्लिम वोटर ज्यादा

### पांच वार्डों में 15 सौ से ज्यादा वोटर

**नगर पंचायत शाहपुर में 4 मई को होने जा रहे नगर निकाय चुनाव में चेयरमैन पद के लिए 13 वार्डों में कुल 18 हजार से ज्यादा मतदाता नया चेयरमैन चुनने के लिए तैयार हैं। इन 13 वार्डों में से पांच वार्ड ऐसे हैं, जहां वोटरों की संख्या 1500 से ज्यादा है। इनमें वार्ड संख्या तीन वोटरों की संख्या के हिसाब से सबसे बड़ा वार्ड है। इस वार्ड में वोटरों की संख्या 1740 है। जबकि वार्ड संख्या तीन में 1734 वोटर है। इसके अलावा वार्ड संख्या 11 में 1677, वार्ड संख्या दो में 1588 और वार्ड संख्या आठ में 1513 वोटर हैं। इन वार्डों में ज्यादा मतदान परिणाम को किसी भी स्थिति में पहुंचा सकता है। यही कारण है कि शाहपुर नगर पंचायत के इन बड़े पांच वार्डों के मतदाताओं पर भी चेयरमैन प्रत्याशियों की नजर हैं।**




### शाहपुर के प्रत्येक वार्ड के मतदाताओं की नवीनतम संख्या इस प्रकार है:-

| वार्ड का नाम | वोटर संख्या |
|---|---|
| वार्ड नं-1 | 987 |
| वार्ड नं-2 | 1588 |
| वार्ड नं-3 | 1740 |
| वार्ड नं-4 | 3114 |
| वार्ड नं-5 | 1145 |
| वार्ड नं-6 | 995 |
| वार्ड नं-7 | 1085 |
| वार्ड नं-8 | 1513 |
| वार्ड नं-9 | 1734 |
| वार्ड नं-10 | 793 |
| वार्ड नं-11 | 1677 |
| वार्ड नं-12 | 1271 |
| वार्ड नं-13 | 1257 |
| कुल मतदाता | 18,899 |

## मोरना में भाजपा नेताओं ने किया डॉ. अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण



### जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने काटा केक, दी बधाईयां

**भोपा, 14 अप्रैल (बु.)।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। मोरना में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, वहीं भाजपा नेताओं द्वारा संत रविदास मंदिर में बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण किया गया व केक काटकर मिष्ठान का वितरण किया गया। इस दौरान भारी पुलिसबल सुरक्षा में तैनात रहा।

गांव मोरना में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गयी, जिसमें बैंड बाजों संग भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक झांकियों को प्रस्तुत किया गया। शोभायात्रा संत रविदास मंदिर से आरम्भ हुआ। जानसठ मार्ग, मुजफ्फरनगर मार्ग व गांव के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। जहां अनेक स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। संत रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल व भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया तथा केक काटकर वितरण किया।

प्रतिमा अनावरण के इस अवसर पर बोधाचार्य संघदर्शन बौद्ध, पूर्व प्रधान फूलसिंह प्रधान, डॉ. प्रीतम, प्रदीप निर्वाल, सोनू, रोबिन, राहुल, अंकुल, सोहनवीर, आकाश, अरुण, अजीत सिंह, पं. रामकुमार शर्मा, राजीव चेयरमैन, डॉ. वीरपाल सहरावत, आदेश नेताजी, अरविन्द, रवि, पुनीत आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए क्षेत्राधिकारी भोपा राम आशीष यादव, प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल, (बु.)।
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-
सोना- 60,000 चांदी-72,000
सिक्का- 800 गिन्नी- 44,000

### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:-रसकट ढैया-1100-1125, चाकू 1280-1475, लड्डू 1400-1460, खुरपापाड़ 1250-1270, शक्कर मसाला 1500-1525। आमद-4,000 मन।

### आपका आज का राशिफल

शनिवार, 15 अप्रैल, 2023

**मेष-** सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, व्यापार में धन निवेश, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम, सलाह से कामयाबी।
**वृषभ-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, प्रतियोगिता में सफलता, विरोधी असफल, गलतफहमियाँ दूर।
**मिथुन-** आज सायं 6/44 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यवसाय में निराशा, विचारों में उग्रता, नवयोजना दृष्टिगत, मांगलिक आयोजन ।
**कर्क-** आज सायं 6/44 बजे तक व्यापारिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, संतान पक्ष का उत्कर्ष, धन लाभ, शेष समय विपरीत, स्वंय की हानि।
**सिंह-** व्यावसायिक प्रगति, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, मांगलिक आयोजन सम्पादित, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।
**कन्या-** मनोभिलाषित योजनाएँ कार्यान्वित, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, आय के नवीन स्त्रोत, स्थान-परिवर्तन कार्यक्रम।
**तुला-** आज सायं 6/44 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ में अरुचि, वैवाहिक अड़चनें, मन अशांत, शेष समय में स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, धन की प्राप्ति।
**वृश्चिक-** आज सायं 6/44 बजे तक समय शुभ, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, घरेलू वातावरण सुखद, शेष समय में आर्थिक पक्ष से असंतोष।
**धनु-** आर्थिक क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, इच्छा के अनुकूल घटनाएँ घटित, धर्म में रुचि, शुभ समाचार से घरेलू वातावरण सुखद।
**मकर-** प्रियजनों के माध्यम से समस्या का समाधान, राजनीतिक कृत्यों में रुझान, वैवाहिक जीवन में सुख-शांति, कठिनाइ निवारण।
**कुम्भ-** आज सायं 6/44 बजे तक प्रतिकूलता, स्वास्थ्य विपरीत, बात-बात पर क्रोध, यात्रा निष्फल, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि।
**मीन-** आज सायं 6/44 बजे तक अभिलाषा की पूर्ति, व्यापार में धन निवेश, आत्मिक शांति, शेष समय में इच्छित कार्यों में अड़चनें।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

### अपहृत एक किशोरी पुलिस ने की बरामद

**भोपा, 14 अप्रैल (बु.)।** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप पिता ने गांव के ही तीन व्यक्तियों पर लगाया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद कर लिया है तथा पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को गांव के ही तीन व्यक्ति अजय, सुशील व रूपराम बहला फुसलाकर कहीं ले गये। अनहोनी की आशंका जताते हुए पीड़ित ने पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई थी। थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है तथा किशोरी को बरामद कर मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी अमल में लाई जाएगी।

### पति की मौत के बाद पत्नी के साथ मारपीट

**भोपा, 14 अप्रैल (बु.)।** पति की मौत के अगले दिन विधवा पत्नी के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने ससुरालजनों पर अपने साथ मारपीट करने व पति की हत्या कर देने के भी संगीन आरोप लगाये हैं। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव तिस्सा निवासी महिला उज्मा ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने पति शाहरूख व दो बच्चों सुबहान व इंशा के साथ पुश्तैनी मकान में रहती है। पुश्तैनी मकान के बंटवारे को लेकर पिछले काफी समय से उसके पति का अपने भाईयों संग विवाद चल रहा था। गुरूवार को जेठ, देवर, जेठानी व देवरानी ने इकट्ठा होकर लाठी डंडों से पति शाहरूख के साथ मारपीट की तथा फांसी के फंदे पर लटका कर उसकी हत्या कर दी तथा शुक्रवार को ससुरालजनों ने उज्मा के साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### मेडिकल स्टोर संचालक को पीटा

**भोपा, 14 अप्रैल (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव धीराहेड़ी निवासी दीपक कुमार ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसने गांव बेलड़ा में डॉक्टर का क्लीनिक व मेडिकल स्टोर खोल रखा है। गांव के ही दूसरे मेडिकल स्टोर से उसके स्टोर पर दवाएं आती हैं। शुक्रवार की दोपहर आरोपी उसके मेडिकल स्टोर पर पैसे लेने आया, तो दीपक ने पैसों के साथ बिल मांगा, तो आरोपी ने अन्य बिल थमा दिया। दीपक ने बिल लेने से इंकार किया, तो तीन युवकों ने दीपक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घटना की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बाबा साहब की शोभायात्रा में दिखा युवाओं में जोश

## अंबेडकर जयंती पर तिरंगे के प्रति दिखा प्रेम, नीले पटके और पगड़ी भी बने रहे युवाओं के आकर्षण का केंद्र

### टाउनहाल पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने किया 132वीं अंबेडकर जयंती शोभायात्रा का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव व जन सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को नगर के टाउनहाल मैदान से बाबा साहब की 132वीं जयंती की शोभायात्रा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ निकाली गई। इस दौरान समाज के हजारों लोगों ने शोभायात्रा में शामिल होते हुए आपसी सौहार्द्र व सद्भाव का संदेश दिया। इस दौरान शोभा यात्रा मार्ग में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ प्रसाद, पेयजल एवं अन्य खाद्य पदार्थों का सामाजिक संगठनों की ओर से वितरण किया गया। इससे पूर्व नगर के विभिन्न मौहल्लों में हवन पूजन के साथ में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार किए जाने का संकल्प दोहराया गया। शोभायात्रा में तिरंगे झंड़ों के साथ नीले झंड़े व पटके युवा टीम की पहली पसंद रहे।

शुक्रवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर देशभर के साथ गांव-देहात व नगरीय क्षेत्र के मौहल्ला रैदासपुरी, खादरवाला, केशवपुरी, धर्मपुरी, बसंतविहार आदि मौहल्लों से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पूजा-अर्चना के बाद नगरीय क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा की तैयारियों के बीच विभिन्न मौहल्लों से जुलूस के रूप में बैंड बाजे, डीजे एवं सुन्दर झांकियों के साथ टाउनहाल के मैदान में एकत्रित हुई, जहां बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव व जन सेवा समिति के तत्वावधान में 132वीं जयंती की भव्य शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए धूमधाम के साथ में निकाली गई। शोभा यात्रा निकालने से पूर्व में टाउनहाल मैदान में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान का समिति के पदाधिकारियों द्वारा पगड़ी व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। बाबा साहब को नमन किए जाने के बाद शोभायात्रा का मुख्य अतिथि डॉ. संजीव बालियान ने शुभारंभ किया। इस दौरान डॉ. संजीव बालियान ने बाबा साहब के विचारों पर चलने का संदेश देते हुए उनके सपनों के भारत के निर्माण एवं दलित, शोषित व दबे कुचले लोगों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। स्वागत कार्यक्रम के बाद अतिथियों द्वारा फीता काटकर शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पुरकाजी विधायक अनिल कुमार, पूर्व विधायक अशोक कंसल, गौरव स्वरूप, विजय शुक्ला, सपा नेता राकेश शर्मा, समाजसेवी डॉ. जेपी सिंह, बसपा नेता इंतजार त्यागी, जिया उर्रहमान समेत अन्य अतिथियों का समिति के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ एवं पटका ओढ़ाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा नगर पालिका प्रांगण से प्रारंभ हो कर झांसी की रानी, हनुमान मंदिर, मिनाक्षी चौक, खालापार चौक, खादरवाला, कृष्णापुरी, ईदगाह चौक, शामली रोड, हनुमान चौक, आबकारी रोड़, बकरा मार्किट, नावल्टी चौक, अंसारी रोड, मालवीय चौक होते हुए वापस टाउनहाल प्रांगण में संपन्न हुई। डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव एवं जन सेवा समिति के संरक्षक मुनीष कुमार, अध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ, संयोजक डॉ. पुरुषोत्तम, महामंत्री दीपचन्द माद, मुकेश गौतम, कुलदीप कुमार, जितेन्द्र कुमार, राजेश्वर दयाल, राम निवास आदि उपस्थित रहे।





फोटो बुलेटिन अंबेडकर जयंती पर शोभायात्रा के शुभारंभ से पूर्व बाबा साहेब को नमन करते मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान व अन्य अतिथि।

## डवलपमेंट प्रोग्राम में विद्यार्थियों ने जाना वैश्विकरण

### एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में कार्यक्रम



**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** आज एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्ट्डीज के सभागार में सनातन धर्म डिग्री कॉलेज के साथ हुए एमओयू के तहत बीबीए विभाग द्वारा इम्पेक्ट ऑफ ग्लोबल चैंजिज ऑन नेशनल बिजनेस एवं एन ऑवरव्यू ऑन फाइनेंशियल स्टेटमेंट एनालिसिस विषय पर स्टूडेंट डव्लपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डा. संदीप मित्तल ने बताया कि वैश्वीकरण का तात्पर्य विश्व की अर्थव्यवस्था में एकीकरण की प्रक्रिया से है। जब विभिन्न देशों के बीच व्यापारिक प्रतिबंध कम या समाप्त होने लगते हैं तथा सभी देश एक दूसरे की प्रौद्योगिकी और अनुभवों का लाभ उठाकर अपना आर्थिक विकास करने लगते हैं, इस दशा को वैश्वीकरण कहते हैं। बीबीए विभागाध्यक्ष मि राजीव पाल सिंह ने छात्र एवं छात्राओं को बताया वैश्वीकरण राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक जीवन के विश्व व्यापी समायोजन की एक प्रक्रिया है, जो विश्व के विभिन्न भागों के लोगों को भौतिक व मनोवैज्ञानिक स्तर पर एकीकृत करने का सफल प्रयास करती है। वर्कशाप के कोर्डिनेटर प्रवक्ता मौ अन्जर ने इम्पेक्ट ऑफ ग्लोबल चैंजिज ऑन नेशनल बिजनेस विषय को स्पष्ट करते हुये कहा कि वैश्वीकरण का प्रमुख उद्देश्य देश में फैली आर्थिक असमानताओं को दूर करना होता है। कोर्डिनेटर प्रवक्ता डा. अक्षय जैन ने एन ऑवरव्यू ऑन फाइनेंशियल स्टेटमेंट एनालिसिस विषय को स्पष्ट करते हुये कहा कि वित्तीय विवरण विश्लेषण एक व्यापार में विभिन्न वित्तीय कारकों के बीच संबंधो का अध्ययन है, जैसा कि बयानों के एक समूह द्वारा खुलासा किया गया है। वर्कशाप मे बीबीए विभाग के दीपक गर्ग, डा. संगीता गुप्ता, पूर्वी संगल, डा. अनन्त गर्ग, सोनिका, विनिता चौधरी, सतीश, अमित एवं उमेश मलिक आदि शिक्षकगण व स्टॉफ ने उपस्थित रहकर अपना सहयोग दिया।

### एसडी कॉलेज में किया बाबा साहब को याद, पुष्पांजलि अर्पित

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** सनातन धर्म महाविद्यालय में सुबह 11 बजे माँ सरस्वती सभागार में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर एवं समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. सविता ने अंबेडकर जी के जीवन व विचारों के आलोक में उनके द्वारा किए आंदोलनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सामाजिक परिवर्तन के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण माध्यम है। अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रीतम सिंह ने डॉ. अंबेडकर द्वारा किए सामाजिक आर्थिक तथा राजनैतिक योगदानों को रेखांकित किया। हिंदी विभाग के प्रो. डॉ. विश्वभर पांडेय ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अनिल कुमार, बसंत कुमार, सुखपाल सिंह, अंजुल भूषण एवं अनुपम जैन का सहयोग रहा। कार्यक्रम में आईक्यूएसी समन्वयक अलका बंसल आदि उपस्थित रहे।

## जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर आज होगा एकीकृत निक्षय दिवस का आयोजन

### ओपीडी में संभावित मरीजों की होगी टीबी की जांच, दी जायेगी उपचार सुविधा की जानकारियां

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर शनिवार को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जाएगा। इस दिवस का उद्देश्य टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्ण इलाज और योजनाओं का लाभ दिलाना है। इस दौरान उपकेंद्रों पर तैनात कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के सापेक्ष एक प्रतिशत मरीजों की टीबी की जांच करेंगे।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश चंद गुप्ता ने बताया कि शनिवार (15 अप्रैल) को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर एकीकृत निक्षय दिवस पर मनाया जाएगा, जहां ओपीडी में आने वाले लोगों में एक प्रतिशत मरीजों का बलगम टेस्ट किया जाएगा। सीएचओ और आशा कार्यकर्ता एकीकृत निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में लोगों को जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि टेस्ट के बाद टीबी की पुष्टि होने पर परिवार के सभी सदस्यों की स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही इस दिवस पर प्राइवेट प्रैक्टिशनर से टीबी नोटिफिकेशन, कांटेक्ट ट्रेसिंग और फालोअप के लिए भी बातचीत की जाएगी। टीबी के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. लोकेश चंद गुप्ता ने बताया कि उपचार के अभाव में टीबी का मरीज एक साल में दस से पंद्रह लोगों को इस बीमारी से संक्रमित कर सकता है। क्षय उन्मूलन कार्यक्रम जिला समन्वयक सहबान उल हक ने बताया कि ओपीडी में आने वाले संभावित मरीजों के सैंपल लिए जाएंगे। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर प्रवीन कुमार ने बताया कि संभावित क्षय रोगियों की पहचान के लिए प्रमुख लक्षण दो सप्ताह या उससे अधिक समय से खांसी होना, दो सप्ताह या अधिक समय से बुखार आना हैं।

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मनोज कुमार पुत्र श्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार के गलत संगत में पड़ने के कारण मेरे कहने–सुनने से बाहर है। अत: मैं उससे अपना सम्बन्ध खत्म कर रहा हूँ एवं साथ ही उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। पूर्व में या भविष्य में उसके साथ लेन–देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

**डॉ. विरेन्द्र कुमार**
**पुत्र स्व. सुखीराम**
निवासी : म.नं. 185/2,
इन्द्रा कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

## डॉ. अम्बेडकर की शिक्षा आज भी प्रासांगिक

### श्रीराम कॉलेज में जयंती पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी



**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** श्रीराम कॉलेज के सभागार में डॉ. भीमराव अम्बेड़कर के जन्म दिवस पर विचार गोष्ठी में कॉलेज के निदेशक डा. अशोक कुमार, प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल, डीन एकेडमिक्स डा. विनीत कुमार शर्मा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम, बेसिक साइंस विभागाध्यक्षा डा. पूजा तोमर, गृह विज्ञान विभाग की डीन डा. श्वेता राठी के साथ-साथ श्रीराम कॉलेज के सभी डीन व विभागाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे । शुभारम्भ हरचन्द सिंह कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. आर पी सिंह, द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। डॉ. पूनम शर्मा प्राचार्या श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ ने विचार प्रस्तुत किये। हरचन्द सिंह कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. आर पी सिंह ने कहा कि अम्बेड़कर की शिक्षाएं आज भी महत्वपूर्ण हैं और हमें उनसे बहुत कुछ सीखना चाहिए। कार्यक्रम में प्रवक्ता संजीव तोमर, सोनिया गौड़, आंचल अग्रवाल, राखी ढ़िलौर, सबिया खान, रेखा ढ़िलौर, अनु चौधरी, राममनू प्रताप सिंह, विनय तिवारी और त्रिलोक आदि उपस्थिति रहे।

### घर में घुसकर मारपीट करने पर रिपोर्ट दर्ज

**कैराना, 14 अप्रैल (बु.)।** बच्चों के बीच हुई कहासुनी के विवाद में घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौच करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

गांव मन्ना माजरा निवासी अलादीन ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि एक दिन पहले वह अपनी पत्नी के साथ खेत पर काम करने के लिए गया हुआ था। उसके घर पर छोटे बच्चे थे, तभी पड़ोसियों के बच्चों के साथ उसके बच्चों की कहासुनी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि इसी रंजिश में आरोपियों ने रात करीब 9 बजे उसके घर में घुसकर उसकी लड़कियों के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौच कर दी।

पुलिस ने महिला अफसाना, नसीम, मुनव्वर व समरून निवासी मन्ना माजरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## धूमधाम से मना संविधान निर्माता का जन्मोत्सव



फोटो बुलेटिन ग्राम चौरावाला में फीता काट डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

भोपा, 14 अप्रैल (बु.)। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव बैंड बाजों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं एवं व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव चौरावाला में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में सर्वप्रथम गौतम बुध, संत रविदास, डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में आठवीं कक्षा की छात्रा शालू ने बाबा साहेब की हाथ से बनाई पेंटिंग आयोजकों को भेंट की। आकांक्षा रानी को 12वीं कक्षा में गांव में सर्वाधिक अंक लाने पर सम्मानित किया गया, वहीं कश्यप समाज से यूपी पुलिस में दरोगा बनी गांव निवासी अनीता के पिता सुशील कश्यप को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में बाबासाहेब आंबेडकर, गौतम बुध, रमाबाई की अति सुंदर झांकियां निकाली गई। शोभा यात्रा अंबेडकर भवन से शुरू होती हुई गांव की गलियों से होकर गुजरी। इसके पश्चात देर शाम शोभायात्रा अंबेडकर भवन पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व प्रधान दलसिंह, बत्तुसिंह, परमसिंह नरखरिया, लेखराज, महावीर, चांदवीर, बृजेश मास्टर, लोकेश, राहुल, महेंद्र, मदन, शिवकुमार, तेजवीर मास्टर, दीपक, प्रमोद, बाबू आदि मौजूद रहे। शोभा यात्रा के दौरान भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2023

सम्पादक की क़लम से

# नीतीश, राहुल और केजरीवाल

नीतीश कुमार दिल्ली आए, तो राहुल गांधी से मिले, केजरीवाल से भी मिले। इस मिलन कार्यक्रम की वीडियो और तस्वीरें सोशल मिडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। कुछ सियासी वीडियो बनाने वाले इस मिलन कार्यक्रम पर अपने-अपने दृष्टिकोण से वीडियो भी बना रहे हैं। इस मिलन कार्यक्रम की तस्वीर राहुल गांधी ने भी ट्वीट की है। राहुल के ट्वीट तथा अन्य वीडियो पर आम लोगों की जो टिप्पणियाँ हैं, वे काफी दिलचस्प हैं। कोई नीतीश के राहुल से झुककर मिलने पर टिप्पणी कर रहा है, तो कोई राहुल के ट्वीट पर टिप्पणी कर रहा है तो कोई केजरीवाल को बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना बता रहा है, लोगों की टिप्पणियों से ऐसा लगता है, जैसे यह कोई मिलन कार्यक्रम न होकर कमेडी कार्यक्रम हो। केजरीवाल ने इस कार्यक्रम में नीतीश से मुलाकात करने के बाद कहा, देश बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहा है। केंद्र में मौजूद सरकार शायद आजादी के बाद के दौर की सबसे भ्रष्ट सरकार है। केजरीवाल ने परसों यह सब कहा और कल उन्हें सीबीआई की तरफ से समन भेजा गया है। उन्हें 16 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इस केस में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। शराब नीति केस की जांच सीबीआई के साथ ही प्रवर्तन निदेशालय भी कर रही है। अरविंद केजरीवाल का नाम ईडी की चार्जशीट में भी है, लेकिन आरोपी के तौर पर नहीं। नोटिस मिलने के बाद आम आदमी पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उसमें संजय सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने की साजिश कर रही है, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। केजरीवाल ने 13 दिन अनशन रखकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। प्रधानमन्त्री जी, आपने अपने दोस्त के साथ मिलकर लाखों करोड़ रुपए का जो घोटाला किया है, वह देश को बताना जरूरी है। अरविंद केजरीवाल के दिल्ली विधानसभा में बयान के बाद नोटिस देकर उन्हें धमकाने का प्रयास किया गया है। संजय सिंह ने आगे कहा, ये ईडी की जांच के झूठ का पुलिंदा है, बीजेपी वालों को मैं बोलना चाहता हूं कि अगर इतनी ही दिक्कत है, तो जहर की पुड़िया बनाकर सभी को बांट दो, केजरीवाल, मनीष और सत्येन्द्र जैन सभी को ये जहर की पुड़िया दे दो सब खत्म कर दो। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की पार्टियों के साथ बिहार में कांग्रेस का गठजोड़ है और बीते साल से ये तीनों पार्टियां राज्य सरकार का हिस्सा हैं, लेकिन नीतीश कुमार राष्ट्रीय स्तर पर संभावित 'महागठबंधन' को लेकर अब तक गोलमोल जवाब ही देते रहे थे। लेकिन दिल्ली दौरे पर आए नीतीश कुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर राहुल गांधी से मुलाकात के बाद दावा किया कि विपक्षी एकता को लेकर 'अंतिम तौर' पर बात हो गई है। नीतीश कुमार ने कहा, अभी काफी देर हम लोगों ने चर्चा कर ली। अधिक से अधिक पार्टियों को पूरे देश में एकजुट करने का प्रयास करेंगे। उसके लिए हम सब लोग कोशिश करेंगे। सब लोग सहमति बनाएंगे। सब लोग बैठेंगे और एक साथ हम लोग आगे का काम करेंगे। मिलकर के चलेंगे, ये बात तय हो गई है। अंतिम तौर पर बात हो गई है। उसी के आधार पर हम लोग कर लेंगे, जितने लोग सहमत होंगे, उन सबके साथ हम आगे बात तय करेंगे। नीतीश के इस बयान का सार यह है कि अभी कुछ दलों से बातचीत करने के लिए बात हो गयी है, यानी केवल बातचीत करने के लिए बात हुई है और जताया यह जा रहा है कि जैसे गठबंधन हो गया हो, इसीलिए लोग इस मिलन कार्यक्रम पर व्यंग्यात्मक टिप्पणियाँ कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, विपक्ष को एक करने में बहुत ऐतिहासिक कदम लिया गया है। पत्रकारों ने सवाल पूछा कि कितने विपक्षी दलों को इकट्ठा करना है, देखिए ये प्रोसेस है और अपोजीशन का जो देश के लिए विजन है, उसे हम डेवलप करेंगे और जितनी भी पार्टियां हमारे साथ चलेंगी, उन सबको हम एक साथ लेकर चलेंगे। राहुल गांधी ने कहा, देश में जो विचारधारा की लड़ाई चल रही है, उसको लड़ेंगे। जो इंस्टीट्यूशन पर आक्रमण हो रहा है, देश पर आक्रमण हो रहा है, उसके खिलाफ हम सब एकसाथ मिलकर खड़े होंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हमने ऐतिहासिक मीटिंग की। बहुत सी चीजों पर चर्चा हुई। हम सभी ने मिलकर तय किया कि सभी पार्टियों को एकजुट करना है और एक होकर आगे जो चुनाव आएंगे, उनमें एकजुट होकर लड़ना है। हम सब मिलकर उसी रास्ते पर काम करेंगे। इस मिलन कार्यक्रम को कांग्रेस ने ऐतिहासिक बताया है। ऐतिहासिक बताने का बहुत लोगों ने यह कहकर मजाक उड़ाया कि इसमें क्या ऐतिहासिक है बिहार में तो तुम्हारा गठबंधन चल ही रहा तो काहे का ऐतिहासिक। इस मिलन कार्यक्रम के बाद भाजपा ने सवाल पूछा। बिहार भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पूछा कि राहुल गांधी या नीतीश कुमार ने ये तो बताया ही नहीं कि प्रधानमन्त्री पद का चेहरा कौन होगा? उन्होंने कहा, नीतीश कुमार को बताना होगा कि राहुल गांधी उम्मीदवार हैं या नीतीश कुमार, केजरीवाल जी हैं या नीतीश कुमार जी? सम्राट चौधरी ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार सिर्फ विपक्ष के उन्हीं दलों से संपर्क कर रहे हैं, जिनके नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। अब तक नीतीश कुमार जी उन्हीं लोगों के चरणों में गए हैं, जो भ्रष्टाचारी हैं, भ्रष्टाचार को बचाने के लिए नीतीश कुमार गए हैं। सम्राट चौधरी ने कहा,राष्ट्रीय जनता दल तो भ्रष्टाचार का प्रतीक ही है। राजद वाले बोल रहे हैं कि नीतीश कुमार प्रधानमन्त्री पद के उम्मीदवार होंगे, तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे, उम्मीदवार बनते रहिए लेकिन प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ही रहेंगे 24 में। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्षी दलों की कोशिश पर तंज कसते हुए उनके गठबंधन को "भ्रष्टाचार में डूबी पार्टियों का ठगबंधन" कहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयोग 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले भी हुए थे, लेकिन ये कारगर नहीं थे। लोग जानते हैं कि इन दलों की कोई सामान्य नीति या विचारधारा नहीं है और चुनाव जीतने के लिए झूठे वादे करते हैं। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और अन्य पार्टियां चुनाव जीतने के लिए झूठे वादे करती हैं, लेकिन बाद में वादे पूरे नहीं करतीं और भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाती हैं।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"जीनियस" "सरका" "जमाना" "अक़्ल"

मेरे आगे पीछे जो लोग हैं, वो बताते हैं मुझे जीनियस,
ये विरोधी मुझको तो कहते हैं,मैं दमागी तौर पे सरका हूँ।
मेरी बात में वो कमाल है, ये जमाना हँसता है रातदिन,
मुझे अक़्ल चाहे मिली न हो, मैं चराग तो बड़े घर का हूँ।

शोक सन्देश



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूज्य पिताजी **श्री सत्यप्रकाश गर्ग जी** (पुत्र स्व. लाला रतिराम गर्ग, सिखेड़ा वाले) का **स्वर्गवास दिनांक 06 अप्रैल 2023, दिन गुरूवार** को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
**तेरहवीं संस्कार दिनांक 17 अप्रैल 2023, दिन सोमवार** को **मधुर मिलन बैंक्वट हॉल**, कूकड़ा चौक, निकट कूकड़ा मण्डी, मुजफ्फरनगर में सम्पन्न होगा।

हवन ............................ प्रात: 8:00 बजे
ब्रह्मभोज ...................... प्रात: 11:00 बजे
शोकसभा ...................... दोपहर 2:00 बजे

-: शोकाकुल परिवार :-
विपिन गर्ग (भाई)
मनोज गर्ग–कामना गर्ग, रोबिन गर्ग–दीपा गर्ग, विकास गर्ग–अर्पणा गर्ग
समस्त गर्ग परिवार

-: प्रतिष्ठान :-
सत्यप्रकाश मनोज कुमार (सिखेड़ा), मो. 9759951454
विकास ट्रेडिंग कम्पनी (176 बी), मो. 9319419759
सरस्वती कैमिकल्स (164 बी), मो. 9719350006
निवास स्थान : 01, महालक्ष्मी एनक्लेव, मुजफ्फरनगर

# सन्मति प्राइवेट आईटीआई में याद किए गए बाबा साहब

**-बाबा साहेब ने पूरी उम्र देश के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जातियों और गरीबों को हक दिलाने में न्यौछावर कर दी**

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** शुक्रवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नगर के बुढ़ाना रोड खांजापुर स्थित सन्मति प्राइवेट आईटीआई में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रदीप जैन मौजूद रहे। इस दौरान बाबा साहब को नमन करने के साथ उनके सपनों के भारत निर्माण का संकल्प भी दोहराया गया। चेयरमैन प्रदीप जैन ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन व सिद्धांतों के बारे में मौजूद छात्रों को अवगत कराते हुए बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि जीवन लंबा होने की बजाय महान होना चाहिए, तभी हम अपने लक्ष्य में सफल हो सकेंगे। कार्यक्रम में एडमिन प्रिया कुच्छल ने बताया कि कैसे डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू गांव में हुआ था और उन्हें करीब 9 भाषाओं का ज्ञान था। उन्होंने पूरी उम्र देश के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जातियों और गरीबों को हक दिलाने में न्यौछावर कर दिया। इस दौरान सोनू कुमार पूर्व प्रधानाचार्य, शैंकी कुमार प्रधानाचार्य, आयुष बंसल, राजेश कुमार और अन्य ने अपने विचार छात्रों के सामने रखे और डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राहुल, अमित, मुकुल, अभिषेक समेत अनेक छात्रों ने भाग लिया।






# द दून वैली पब्लिक स्कूल में मनाई गई बैसाखी व डॉ. अंबेडकर की जयंती

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बुस.)।** द दून वैली पब्लिक स्कूल में बैसाखी व डॉ. भीमराव अंबेडकरजी की जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा शर्मा व ब्रांच हैड जसबीर कौर ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चित्र व डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करके व उपस्थित मुख्य अतिथि महेश बंसल, मोहनलाल मित्तल, सविता शर्मा, रविशंकर, रमेश चंद्र गुप्ता, सुशीला गुप्ता, इंदिरा बंसल व राजबीरी देवी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें छात्रों ने बैसाखी के उपलक्ष में नृत्य, गायन आदि प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

वहीं छात्रों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यालय की ब्रांच हैड जसवीर कौर ने छात्रों को डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़ी विभिन्न बातों से अवगत कराया और साथ ही बैसाखी के पर्व की शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने बताया कि बैसाखी का पावन पर्व हर साल बैसाख मास में तब मनाया जाता है, जब सूर्य मेष राशि में गोचर करता है।

यही कारण है कि इस पावन पर्व को मेष संक्रांति का पर्व भी कहते हैं। इसी के साथ विद्यालय की सर्कुलर रोड स्थित ब्रांच में भी बैसाखी व डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

# खादरवाला सत्यपुरी में मनाई भीमराव अम्बेडकर की जयंती

मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला खादरवाला-सत्यपुरी में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर खादरवाला में मौहल्ले वासियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के कारण ही हमें वोट लेने व वोट देने का अधिकार संविधान में मिल पाया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संदीप रंजन, बबलू रंजन, संतराम, राधेश्याम, हिम्मत सिंह, अमित कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, रामकुमार, रेनू रंजन, संतराम टेंट वाले, गोल्डी, सौरभ कुमार, विजेंद्र कुमार, गीता देवी, संगीता देवी, निक्की आदि मौजूद रहे।





# 6 उम्मीदवारों ने नामांकन-पत्र खरीदे

जानसठ, 14 अप्रैल (बु.)। मीरापुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए एक उम्मीदवार जहीर ने अपना नामांकन-पत्र खरीदा, जबकि सभासद पद के लिए 6 उम्मीदवारों ने नामांकन-पत्र खरीदे। सभासद पद के 8 उम्मीदवारों ने नामांकन-पत्र दाखिल किए।

# अवैध दारु बेचने व खाईबाड़ी करने वाले दबोचे

**बुढ़ाना, 14 अप्रैल (बु.)।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब बेचने वाले व सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले 4 अभियुक्तों को जेल भेजा है। उमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी संजय यादव ने बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में गांव भसाना में कांस्टेबल अंकित कुमार और कांस्टेबल तेजेन्द्र धामा के सहयोग से सूरज पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम भसाना को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस टीम ने सूरज के पास से हजारों रुपए की नगदी, सट्टे की पर्चियां, गत्ता और पेन बरामद किया। बायवाला पुलिस चौकी पर तैनात दारोगा अजय त्यागी ने हैड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह और कांस्टेबल अमन कुमार की मदद से गांव चंधेडी में विद्युतगृह के पास चैकिंग के दौरान गौरव पुत्र असमपाल निवासी ग्राम अटाली को अवैध शराब के 20 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया है। बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज गजेंद्र सिंह ने कांस्टेबल सुधीर कुमार, कांस्टेबल नकुल कुमार और कांस्टेबल प्रशांत यादव के सहयोग से नई बस्ती में नितिन पुत्र राकेश और मौहल्ला भटवाड़ा में छापा मारकर नौशाद पुत्र अफलातून निवासी बुढ़ाना को गिरफ्तार कर उसके पास से भी हजारों रुपए की नगदी और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने लिखा पढ़ी कर सब अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

# शाहपुर क्षेत्र में याद किए गए संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर

**शाहपुर, 14 अप्रैल (बु.)।** कस्बे व देहात में संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों व सामाजिक संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कस्बे के बसी रोड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने उपस्थित बालिकाओं को डॉ. आंबेडकर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वह एक महान अर्थशास्त्री, महान शिक्षाविद, महान अधिवक्ता व महान समाज सुधारक थे। उन्होंने दलितों पिछड़ों, शोषितों एवं महिलाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाने के साथ जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध संघर्ष करने का कार्य किया। इस दौरान विद्यालय में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें सक्रिय प्रतिभाग करने वाली छात्रा प्रियांशी, परी, अलीशा, रीना, प्रिया व साक्षी को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य शिवराज सिंह, वार्डन गीता देवी, शिक्षिका गीता रानी, अनुपमा, रीना, रेखा व रेनू आदि मौजूद रहे। शिक्षण संस्था आरडी आर्य पब्लिक स्कूल में भी संविधान निर्माता की जयंती पर यज्ञ का आयोजन किया गया । इस दौरान स्कूल की संचालिका राजेश आर्य ने संविधान निर्माता के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से बताया तथा इस दौरान भाषण में कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक रणवीर सिंह आर्य ने बताया की गरीब परिवार के बच्चों में 25% की छूट दी जाएगी । उधर कस्बे के वाल्मीकि मंदिर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान निवर्तमान चेयरमैन प्रमेश सैनी, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष श्याम लाल बच्ची सैनी, समाजसेवी उमेश मित्तल, महंत राजेश गिरी, अशोक धवन, मेशपाल कटारिया, धर्मेंद्र कटारिया, सचिन वाल्मीकि, अजय सौदाई, कर्मवीर सिंह, सावन कुमार, धर्मपाल व विशाल आदि मौजूद रहे ।

# अपना स्वराज्य अपना भारत मिशन ने मनाई बाबा की जयंती

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बुस.)।** अपना स्वराज्य अपना भारत मिशन ने मनाई बाबा साहिब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 132वीं जयंती गांधी नगर स्थित वाल्मीकि कॉलोनी में बड़ी धूमधाम से मनाई गयी। सभा का शुभारम्भ कपिल देव अग्रवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी ओम प्रकाश ने व संचालन डॉ. अश्विनी कुमार अपना स्वराज्य अपना भारत मिशन के राष्ट्रीय महासचिव ने किया। सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे, जिसमें संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक चमनलाल ढींगान ने कहा कि हमें बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए, तभी दलित समाज का विकास संभव है। अपना स्वराज्य अपना भारत मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण सौदे एडवोकेट ने सभा में बोलते हुए कहा की बाबा साहब ने दलित समाज को तीन मंत्र दिए हैं शिक्षित बनो। संघर्ष करो। संगठित रहो।

इनका अनुसरण करने से ही दलित समाज समाज का कल्याण होगा। सभा में मुख्या रूप से राष्ट्रीय संरक्षक अपना स्वराज्य अपना भारत मिशन चमन लाल ढींगान, बाबू सिंह बौद्ध, राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना स्वराज्य अपना भारत मिशन तरूण सौदे एडवोकेट, डॉ. अश्वनी कुमार राष्ट्रीय महासचिव अपना स्वराज्य अपना भारत मिशन, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जयंती प्रसाद बाल्मीकि, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमित करानीया, प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रपाल जिला उपाध्यक्ष अमित, डॉ. प्रदीप, शलभ गुप्ता एडवोकेट, सचिन धीमान, डॉ. महावीर, शिवकुमार, सुनील प्रधान, सागर बाल्मीकि, मनीष कुमार, लक्ष्मण, अनुज कुमार, संजीव कुमार, प्रदीप कुमार, अरुण, सचिन, हरि सिंह सैनी, अरविंद धीमान, विनोद धीमान, विनोद, मनीष, रोहित आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** बाबा साहब बौधिसत्व भारत रत्न डॉ. बीआर अम्बेडकर के 132वें जन्मोत्सव पर शुक्रवार को नगर के पश्चिमी कचहरी गेट मुजफ्फरनगर पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान समाज से जुड़े लोगों द्वारा प्रतिमा स्थल पर सर्वप्रथम बुद्ध वन्दना किए जाने के साथ बाबा साहब को याद किया गया। इस दौरान तमाम लोगों द्वारा बाबा साहब के सपनों को साकार किए जाने के लिए समाज की एकता के साथ शिक्षित बनने के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया। शुक्रवार को मुख्यालय स्थित कचहरी गेट स्थित बाबा साहब के प्रतिमा स्थल पर कल्याणकारी अम्बेडकर समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रहे महावीर सिंह आजाद द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। इस गोष्ठी की अध्यक्षता महावीर सिंह आजाद ने की। बाबा साहब के जन्मोत्सव पर संपन्न हुई गोष्ठी में संविधान रचियता प्रथम कानून मन्त्री भारतरत्न बौधिसत्व बाबा साहेब को याद किया गया और उनके आदर्शों पर चलने का प्रण लिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भंवर सिंह तेजियान, फौजी मनोज कुमार टन्ढेडा, प्रवक्ता नरेन्द्र जयन्त, प्रधानाचार्य सोमपाल सिंह, मुकेश कुमार पूर्व प्रधान ग्राम अलमासपुर, बाबू सिंह बौद्ध, यशवीर सिंह, डॉ. योगेश कुमार, गोरियान, जयसिंह, बैंक मैनेजर राजकुमार, कान्ति कुमार भारती, समन्दर, मास्टर हरकेश सिंह, प्रो. किरण पाल सिंह, अशोक प्रधान सहावली, गीता काकरान, जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार, राजबल सिंह राणा एडवोकेट, आयकर निरीक्षक बाबूराम आदि ने उपस्थित होकर माल्यार्पण किया।

# बाबा साहब के संविधान की बदौलत मिल रहा है सबको लाभ : प्रमोद उटवाल

**पुरकाजी, 14 अप्रैल (बु.)।** पुरकाजी कस्बे में बाबा भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। उत्तरी चमारान स्थित सन्त सन्त रविदास मंदिर से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा का शुभारम्भ पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे में बाबा भीमराव अंबेडकर का 132वां जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। उत्तरी चमारान स्थित सन्त रविदास मंदिर से बड़ी-बड़ी झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। भव्य शोभायात्रा का शुभारम्भ भाजपा के पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल ने किया। यहां कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा की भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर ने दबे-कुचले लोगों के उत्थान के लिए जीवन समर्पण किया था। उन्होंने कहा था कि शिक्षित बनो। उन्होंने अपने जीवन में बड़ी कठिनाइयों का सामना किया ओर उनके बनाये सविधान की बदौलत देश मे सबको लाभ मिल रहा है। पूर्व विधायक ने सभी से उनके बताए रास्ते पर चलने की अपील की है। कार्यक्रम आयोजन कर्ता युवा कल्याण बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष लोकेश कुमार और उनकी टीम की पूर्व विधायक ने जमकर तारीफ की। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भारत भूषण खुल्लर, जिला मंत्री ओपी गौतम, निर्दोष जैन, हरिराम सक्सेना, रणजीत गोर्शी, ब्रजकिशोर गुप्ता, केपी सिंह, पप्पन कांगड़ा, पुरोहित उटवाल, सुशील वर्मा, आकाश गोयल, नदीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# सपा जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत



**-सभी वर्गों को साथ लेकर चलेंगे: बॉबी त्यागी इन्द्रलोक**

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जिया चौधरी और महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी इन्द्रलोक का पार्टी कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री राजकुमार यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, सतेन्द्र सैनी, इलम सिंह गुर्जर आदि उपस्थित थे। सपा कार्यालय पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने जो दोनों पदाधिकारियों एवं पूरी कार्यकारिणी को जिम्मेदारी दी है, उसके लिए प्रदेश नेतृत्व धन्यवाद का प्रात्र है। उन्होंने सभी नये पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि संगठन को और मजबूत बनाये।

इस अवसर पर नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी इन्द्रलोक ने कहा कि उन्हें जो राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष ने जो जिम्मेदारी दी है, उसमें वे खरा उतरेंगे और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलेंगे। पार्टी कार्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में काफी संख्या में सपाई उपस्थित रहे।

**J.P.S. PUBLIC SCHOOL**
(Affiliated to C.B.S.E. 10+2)
Bhopa Road, Morna, Muzaffarnagar

**REQUIRES TEACHERS**
**TRAINED, EXPERIENCED/FRESHER**
PGT's - Chemistry
TGT's - English, Science, Maths, Social Science
PRT's - All Subjects, Nursery Teachers &
One Receptionist (Female)
Walk in Interview on 16 April 2023, Sunday
Timing 11 AM to 2 PM
Venue : 59, Dwarikapuri, Lane No. 4, Near Shri Ram Sweets, Muzaffarnagar, Contact : 7983226456, 7017475907
Free Conveyance from Muzaffarnagar
E-mail : jpspublicschool@yahoo.in

**आवश्यकता है**



एक मिड-वाईफ की।
कार्य का समय प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक दिन में।
सैलरी रु. 10000/- प्रतिमाह
इच्छुक प्रार्थी सम्पर्क करें
-: मोबाइल :-
9837383644

# अग्निशमन विभाग ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** अग्निशमन विभाग की ओर से शुक्रवार को अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के आगाज के साथ मुम्बई बन्दरगाह पर फोर्ट स्टीफन नामक जलयान में भीषण अग्निकांड होने पर आग बुझाते समय शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों को नमन करते हुए भाव पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मनाया। अभियान की इस कड़ी में अगले एक सप्ताह तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के कार्यक्रम के अनुरूप जिले में आगामी 20 अप्रैल तक होने वाले आग से सुरक्षा कार्यक्रम को जारी किया गया। शुक्रवार की सुबह नगर के झांसी की रानी तिराहे पर स्थित अग्निशमन विभाग कार्यालय पर मुम्बई बन्दरगाह पर फोर्ट स्टीफन नामक जलयान में उस वक्त हुए भीषण अग्निकांड में आग बुझाते समय शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों को नमन करते हुए भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कर्मचारियों ने एक दूसरे को फ्लैग पिन भी लगाएं। कार्यक्रम की इस कड़ी में विभागीय कर्मचारियों ने शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी आरके यादव ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 के दिन मुंबई बंदरगाह पर फोर्ट स्टीफन जलयान में भीषण अग्निकांड होने पर आग बुझाते समय 66 अग्निशमन कर्मी शहीद हो गए थे। उनकी याद में प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह से शुरू होने वाले अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत रोजाना आग से बचाव को जागरूकता कार्यक्रम आगामी 20 अप्रैल तक चलाएं जाएंगे। अग्निशमन विभाग कार्यालय पर संपन्न श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से जय किशोर सैनी, उमेश कुमार, लोकेश, राजीव समेत विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



# राजनीतिक दलों के नेताओं ने किया बाबा साहब को याद





**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती शुक्रवार को देशभर के साथ जनपद मुख्यालय व गांव देहात में याद किया गया। इस दौरान बाबा साहब के अनुयायियों द्वारा जहां एक ओर हवन पूजन के साथ विचार गोष्ठी आयोजित की गई। वहीं दूसरी ओर विभिन्न क्षेत्रों में शोभायात्रा निकालने के साथ बाबा साहब का जयंती पूर्ण श्रद्धा के साथ में मनाई गई। वहीं दूसरी ओर सभी प्रमुख सियासी दलों ने उनको याद करते हुए देश व समाज के उत्थान के लिए किये संघर्ष व कार्यों को लेकर उन्हें नमन किया और बाबा साहब को सच्चा देशभक्त बताया।

शुक्रवार को बाबा साहब की जयंती पर गांधीनगर स्थित भाजपा पार्टी कार्यालय पर भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला के नेतृत्व में डॉ. अम्बेडकर को याद किया गया। इस दौरान दलितों के उत्थान व दबे-कुचले लोगों को उनके अधिकारों को दिलाने में जो योगदान दिया, उनके इन्हीं सपनों को वर्तमान में भाजपा की केन्द्र व प्रदेश की सरकारें आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, नगर के महावीर चौक पर अम्बेडकर जयंती पर उत्साह देखने को मिला। सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न गोष्ठी में नवनियुक्त नेताओं का स्वागत किया। वहीं वक्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर को दलित, शोषित व दबे-कुचले लोगों का रहनुमा बताते हुए बिना भेदभाव के उनकी आवाज उठाने के साथ समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। आज उनके आदर्श ही देश को नई दिशा दे सकते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से राजकुमार यादव, प्रमोद त्यागी, वसी अंसारी, राकेश शर्मा, पुष्पेन्द्र त्यागी बॉबी, लियाकत अली, सतेन्द्र सैनी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। दूसरी ओर रालोद के सरकूलर रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संदीप मलिक के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान रालोद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके सपनों को साकार करने के लिए पार्टी द्वारा किए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, अजीत राठी, प्रभात तोमर, पूनम शर्मा, शिवान राजपाल सैनी, पूर्व मंत्री योगराज सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इसके साथ महावीर चौक स्थित बसपा कार्यालय पर भी जिलाध्यक्ष सतीश कुमार रवि की अध्यक्षता में संपन्न विचार गोष्ठी में डॉ. अम्बेडकर के विचारों और उनके द्वारा किए कार्यों को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस दौरान सभी से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाकर समाज का कल्याण करने के लिए जुटने का भी आह्वान किया।

# जनपद में मिले 4 नए कोरोना पॉजिटिव, तीन डिस्चार्ज

## आदर्श कालोनी-गांधीनगर के साथ खतौली-बुढ़ाना में मिले एक-एक मरीज

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** कोरोना के प्रति हर ओर बढ़ रही लापरवाही के चलते जिले में कोरोना का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे हालातों में शहर की गलियों से गांव-देहात पर कोरोना का वायरस तेजी से बढ़ने लगा है। जिले में कई दिनों की राहत के बाद अब फिर नगर क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या मिलने लगी है। बीते दिवस खतौली, बुढ़ाना के साथ जानसठ क्षेत्र में मिले नए पॉजिटिव मरीजों के बाद गुरूवार को भी जिले के खतौली-बुढ़ाना ब्लॉक में फिर एक-एक मरीज सामने आया है। लगातार बढ़ते प्रकोप के बीच अब खतौली में तीन मरीज हो गए हैं, वहीं बुढ़ाना में भी कोरोना संक्रमित मरीज घर पर ही आइसोलेट हैं। इसके साथ ही सदर ब्लॉक में गुरूवार को 2 नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। अब जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या फिर से बढ़कर 13 हो गई है। हालांकि इस बीच में शुक्रवार को तीन मरीजों को ठीक होने पर डिस्चार्ज किए जाने का स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया है। शुक्रवार को जिला अस्पताल के डॉ. शमशेर आलम ने बताया कि जनपद में तेजी से कोरोना के पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में भी लगातार नए केस मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जनपद में फिर से 4 नए केस सामने आए हैं। खतौली में तीन व बुढ़ाना में 2 नए केस मिले हैं। वही शहरी क्षेत्र के गांधीनगर व आदर्श कालोनी में एक-एक नए कोरोना मरीज सामने आए हैं। जनपद में बीत तीन दिनों की बात करें तो जहां बुधवार को जनपद में 3 कोरोना मरीज मिले थे वहीं गुरूवार को यह संख्या 5 कोरोना संक्रमित मरीज सामने आ गए। हालांकि शुक्रवार को राहत की बात रही कि जिले में 3 कोरोना संक्रमित मरीजों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। जनपद में लगातार कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। प्रतिदिन 500 से अधिक कोरोना टेस्ट की जा रही है। जिला महिला अस्पताल व पुरुष अस्पताल समेत स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोरोना टेस्ट कराए जा रहे हैं। जिले में 3 लोगों को कोरोना के चलते ठीक होने पर छुट्टी दे दी गई है।

## मेरठ में कोरोना के 42 नए संक्रमित

**मेरठ।** मेरठ में तेजी से कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। शुक्रवार को आई जांच रिपोर्ट में जिले में कोरोना के 42 नए संक्रमित मिले हैं। एक साथ 42 मरीजों में कोरोना संक्रमण मिलने से हड़कंप मच गया है। त्योहारों और चुनाव के माहोल में अचानक से कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ने से सभी परेशान है। स्वास्थ्य विभाग ने भी अलर्ट जारी कर दिया है। 2 दिन पहले ही जिले में 16 मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई थी। आज 42 मरीज एक साथ संक्रमित मिले हैं। सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि शुक्रवार को 42 नए मरीज मिले हैं। जिले में अब सक्रिय मरीजों की संख्या 74 हो गई हैं। 4 अस्पतालों में भर्ती हैं। जबकि 70 मरीज होम आइसोलेशन में रहकर इलाज करा रहे हैं। मरीज ठीक हैं, उन्हें खांसी और जुकाम के अलावा और कोई लक्षण नहीं है। जो कोरोना मरीज मिले हैं उनमें कोरोना का माइल्ड स्ट्रेन है। सभी मरीज पहले से बीमार हैं। इसमें क्रोनिक डिजीज वाले अस्पताल में हैं।




## 24 घंटे में 11,109 मामले सामने आए, 29 मौतें, एक्टिव केस 50 हजार के करीब

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल(एजेंसी)।** 13 दिनों में एक्टिव केस की संख्या करीब 3 गुना बढ़ी है। 1 अप्रैल को 18,389 केस आए थे। वहीं 13 अप्रैल को 49,622 केस आए हैं। देश में 7 महीने 24 दिन बाद कोरोना के नए केस 11 हजार के पार हो गए हैं। बीते 24 घंटे में संक्रमण के 11 हजार 109 मामले सामने आए हैं, जबकि 29 लोगों की मौत हुई है। इससे पहले पिछले साल 20 अगस्त को 11 हजार 539 केस मिले थे। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, देश में फिलहाल एक्टिव केस बढ़कर 49 हजार 622 हो गए हैं। इससे पहले पिछले साल 5 सितंबर को 49 हजार से ज्यादा एक्टिव केस थे। इसके अलावा डेली पॉजीटिविटी रेट 4.42% और वीकली रेट 4.02% पहुंच गया है। इसके अलावा रिकवरी रेट 98.70% है। वहीं, मृत्यु दर 1.19% दर्ज की गई। उत्तर प्रदेशः यहां बीते दिन 549 नए केस मिले और 245 लोग ठीक हुए। फिलहाल राज्य में 2094 एक्टिव केस हैं। यहां पॉजिटिविटी रेट 0.97% है।

## रोडवेज के 16 कर्मियों पर गिरी गाज

### 10 चालक व 6 परिचालकों की संविदा की गई समाप्त

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** ड्यूटी के प्रति कर्मचारियों को सजग करने की दिशा में शुरू अभियान में मुजफ्फरनगर की परिवहन निगम की रोडवेज बसों के कर्मचारियों पर गाज गिर गई है। शुक्रवार को हुई इस कार्रवाई से रोडवेज डिपो में कर्मचारियों में हड़कंप मचा है। शुक्रवार को हुई इस कार्रवाई में 10 चालकों के साथ 6 परिचालकों को ड्यूटी न करने के चलते उनकी संविदा समाप्त कर दी गई। इसके साथ रोडवेज डिपो की अन्य बसों के चालक और परिचालकों को भी ड्यूटी के प्रति भविष्य में गंभीरता बरतने के लिए सचेत किया गया है, जिससे डिपो में चर्चा का दौर दिनभर जारी रहा। शुक्रवार को शासन से मिले निर्देशों के बीच सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक भुवनेश्वर कुमार ने शाम को विभागीय कार्यालय के सभी कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में ड्यूटी पर न आने वाले संविदा कर्मचारियों की तमाम चेतावनी के बीच ड्यूटी से गैर हाजिर चल रहे कर्मचारियों की संविदा समाप्त करने का निर्णय लिया गया। इसी के तहत परिचालक पुष्पेंद्र पाल, वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, राजीव कुमार, महक सिंह, अरविंद यादव के अलावा संविदा चालक अमरेश कुमार, नीरज कुमार, नीरज पंवार, प्रवीण, राहुल कुमार, रमेश, चंद्रशेखर, यशवीर सिंह, चंद्रवीर सिंह व सुनील कुमार की संविदा शनिवार से समाप्त कर दी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि जिन कर्मियों की संविदा समाप्त की है, उनमें अधिकतर जनवरी, फरवरी व मार्च माह से ड्यूटी पर नहीं आ रहे थे। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा हैं कि उक्त आरोपी कर्मचारियों की निगम की ड्यूटी करने में कोई रूचि नहीं हैं और वह सभी अन्य किसी रोजगार में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के बारे में विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दे दी है।

## युवक को बांधकर बैल्टों से पीटने की वीडियो वायरल

### पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया

**कैराना, 14 अप्रैल (बु.)।** एक युवक को बांधकर बैल्टों से पीटने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। पुलिस ने 4 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई, जिसमें एक युवक के दोनों हाथ बांधकर उसके साथ मारपीट की जा रही है। पीड़ित युवक से पूछा जा रहा हैं कि तुम घर में कैसे घुसे, जिसके बाद युवक कह रहा है कि वह दीवार कूदकर घर में घुसा था। साथ ही वह अपनी मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर न डालने की भी गुहार लगा रहा है, वहीं दूसरी वीडियो में युवक की टांग व पीठ के पीछे मारपीट के निशान बने हुए हैं। वायरल वीडियो कोतवाली क्षेत्र के गांव पावटी कलां की बताई गई है। पीड़ित युवक सलमान निवासी गांव पावटी कला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गत् 7 अप्रैल की शाम करीब साढ़े 8 बजे वह अपने घर जा रहा था, तभी रास्ते में 4 आरोपियों ने उसको पकड़कर उसके साथ मारपीट व गाली गलौच की थी। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी आसिर व फुरकान निवासी गांव पावटी कलां थाना कैराना तथा समून व तासू निवासी गांव बीबीपुर हटिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

### मारपीट के बाद तीन युवकों ने की वीडियो कॉलिंग

**कैराना।** युवक की मारपीट की वीडियो वायरल के साथ ही तीन युवकों की वीडियो कॉलिंग की वीडियो वायरल हो रही है, जिसमें एक युवक कह रहा है कि पैसे देकर नाम कटवा दो। वहीं कहा जा रहा है कि अगर हर लड़ाई में धारा 307 लग जाती, तो हम तो बहुत पहले जेल चले जाते, वहीं दूसरा युवक कह रहा है कि दरोगा के माथे पर पैसे मार दो।

# चिलचिलाती धूप के साथ लू के थपेड़े

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** अप्रैल का महीना भीषण गर्मी का संदेश लेकर आया है। नगर में आज तापमान बढ़कर अधिकतम 37.5 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री पर पहुंच गया। आर्द्रता घटकर 48 प्रतिशत पर रह गई। ऐसे में अभी तक दिन में जो हवाएं ठंडी लग रही थीं

**▶ पारा: 37.5 / 23 डिग्री सेल्सियस, एक और पश्चिमी विक्षोभ की आहट**

आज लू के थपेड़ों में तब्दील होती नजर आईं। सूरज तमतमाता और झुलसाता नजर आया। मौसम विभाग की मानें तो गर्मी का मौसम अब अपने तेवर दिखाएगा, हालांकि एक पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों पर आ गया है, इससे मैदानों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

शहर में इस मौसम की पहली लू की आहट के साथ आज चिलचिलाती धूप के चलते दिन में तापमान बढ़कर 37.5 डिग्री सेल्सियस रह गया। रात में भी गर्माहट बढ़ी है और न्यूनतम तापमान भी 23 डिग्री पर पहुंच गया है। आर्द्रता घटकर 48 प्रतिशत रह जाने के कारण मौसम में नमी का असर घटने से हवाओं में अभी तक महसूस हो रही ठंडक गायब हो गई है। वैसे भी बैसाखी को नई फसल कटाई का पर्व होता है। लेकिन इस बार मौसम ने जिस तरह के तेवर बदले हैं, उससे लग रहा है कि आने वाले दिनों में गर्माहट और जोर पकड़ेगी। गेहूं की फसल की कटाई का दौर अब पूरे यौवन पर होगा। मौसम के बदलाव के साथ लोगों ने गर्मी से संबंधित बीमारी का अनुभव करना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने कई राज्यों में लू चलने की बात कही है। दिल्ली, यूपी, पंजाब और बिहार समेत देश के कई राज्यों में गर्मी बढ़ने के साथ कुछ राज्यों में हीटवेव की बात भी कही है। अब, पर्वतीय क्षेत्रों पर एक पश्चिमी विक्षोभ बना



है, लेकिन यह केवल पहाड़ियों पर रहेगा और मैदानी इलाकों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।15 अप्रैल से एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों की तरफ आ रहा है। 16 अप्रैल से जम्मू कश्मीर और लद्दाख में हल्की बारिश और आंधी शुरू हो सकती है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश हो सकती है। 17 अप्रैल को एक और सिस्टम आ रहा है जो बारिश के प्रसार को भी बढ़ाएगा। इस प्रकार 17 अप्रैल के आसपास और 20 अप्रैल तक पंजाब, राजस्थान और हरियाणा में कुछ बारिश की उम्मीद कर सकते हैं। ये बारिश अधिकतम तापमान को कम कर देगी और कम से कम कुछ क्षेत्रों में तापमान में वृद्धि को रोक देगी। 18 और 19 अप्रैल को जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। इस अवधि के दौरान भूस्खलन और मिट्टी के धंसने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। बारिश की तीव्रता 20 अप्रैल से कम हो सकती है। लेकिन पहाड़ों पर 23 अप्रैल तक छिटपुट बारिश जारी रहने की उम्मीद है। 17 से 20 अप्रैल के बीच लोगों को पहाड़ों पर अपनी यात्रा के दौरान पर्याप्त एहतियाती उपाय करने चाहिए।

## नोएडा में भी स्कूल-दफ्तरों में मास्क लगाना अनिवार्य

**नोएडा।** कोरोना के मामलों में लगातार बढ़ोतरी को देख स्वास्थ्य विभाग ने जिले के स्कूल, कॉलेजों और दफ्तरों के अलावा भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। इन सभी स्थानों में प्रवेश द्वार पर थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही सर्दी, जुकाम, बुखार या फ्लू के लक्षण दिखाई देने पर मरीज को क्वारंटीन रहने के निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार शाम को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की ओर से दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिसमें सरकारी व निजी कार्यालयों में सामाजिक दूरी के नियम का पालन करने की हिदायत दी गई है। स्कूल और कॉलेजों में पर्याप्त दूरी बनाकर बच्चों के बैठने की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। अगर किसी विद्यार्थी को खांसी, सर्दी, जुकाम, बुखार की समस्या है तो उसे स्कूल, कॉलेज न भेजने की सलाह दी गई है। वहीं सरकारी और निजी अस्पतालों के लिए भी कोविड प्रोटोकॉल अनिवार्य किया गया है। बिना मास्क प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा। साथ ही, फीवर हेल्प डेस्क और कोविड हेल्पडेस्क स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## जिले में चौथे दिन 7 अध्यक्ष व 55 सदस्य पद के लिए दावेदारों ने किए नामांकन

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** नगर निकाय चुनाव के चौथे दिन शुक्रवार को जनपद के विभिन्न नामांकन केन्द्रों पर इस बीच अध्यक्ष पद के लिए 7 और सदस्य पद के लिए 55 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा कराए। वहीं मुजफ्फरनगर और खतौली नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए अभी तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा कोई नामांकन नहीं किया गया। यह 7 नामांकन चार नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए हुए है, शेष चार नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए चौथे दिन भी कोई नामांकन नहीं हो पाया। जिले में बीते 4 दिनों में अध्यक्ष पद के लिए 11 और सदस्य पद के लिए 75 नामांकन दाखिल हुए है। शुक्रवार को चौथे दिन भी मुजफ्फरनगर नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए किसी प्रत्याशी के द्वारा कोई नामांकन नहीं किया गया। वहीं दूसरी ओर सदर तहसील में शुक्रवार को चरथावल नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए इस्लामुदीन और नसीबा ने अपने नामांकन दाखिल किए। पुरकाजी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए तौफिक अहमद व तारिफ मुस्तफा ने शुक्रवार को नामांकन किया। इसके अलावा जिले की सिसौली नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए नीरू व ममता, मीरांपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए एक अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। बता दें, मुजफ्फरनगर जिले की दो नगर पालिका और आठ नगर पंचायत अध्यक्ष व वार्ड सदस्य पद चुनाव के लिए में नामांकन प्रक्रिया 11 अप्रैल से शुरू होकर सोमवार 17 अप्रैल तक जारी रहेगी, जबकि 20 अप्रैल को नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ 4 मई को मतदान और 13 मई को मतगणना होगी।

## जिला कारागार में निरुद्ध बंदी की मौत

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** जिला कारागार में निरुद्ध बंदी की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बंदी को हालत बिगड़ने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शामली जनपद के झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव हथछोया निवासी 51 वर्षीय तेजवीर पुत्र साधुराम को झिंझाना पुलिस ने 7 जुलाई 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उस पर लूट, नकली शराब बनाने व गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें दर्ज थे। वर्तमान में वह गैंगस्टर एक्ट के मामले में कारागार में निरुद्ध था। जिला कारागार के जेलर के अनुसार आज तेजवीर को सीने में दर्द की शिकायत के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई और पुलिस ने शव कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है।

## बाईपास पर ट्रक में आग लगने से मची अफरा-तफरी


फाइल फोटो-

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र में पीन्ना बाईपास पर एक ट्रक में आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ट्रक में लगी आग पर काबू पाया, तब तक ट्रक जलकर खाक हो चुका था। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब के तरनतारन निवासी अमनदीप अपने ट्रक में वेस्ट पेपर लेकर भोपा रोड स्थित एक पेपर मिल में डालने के लिए आया था, यहां वेस्ट पेपर मिल में उतारने के बाद वह वापस लौट रहा था। पीन्ना बाईपास पर वह आराम करने के लिए रुका था, तभी ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन की चपेट में आकर उसके ट्रक में आग लग गई। ट्रक में आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर बुढ़ाना मोड चौकी प्रभारी मानवेंद्र भाटी मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ट्रक में लगी आग पर काबू पाया, तब तक ट्रक जलकर खाक हो चुका था।

# गमगीन माहौल में हुआ पांचों शवों का अंतिम संस्कार

**बुढाना, 14 अप्रैल (बु.)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के गांव खेड़ा मस्तान के 5 लोगों की अन्य राज्य में हुई एक सड़क दुर्घटना में हुई दर्दनाक मौत की खबर पर पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बीती देर रात पांचों शव पोस्टमार्टम होने के बाद जैसे ही गांव खेड़ा मस्तान में पहुंचे तो हर कोई रो पड़ा। आज शुक्रवार की सुबह सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में गमगीन भरे माहौल में पांचों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए भीम आर्मी के जिला महासचिव एडवोकेट विकास अम्बेडकर ने बताया कि उक्त सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार से 5 लोगों की मौत हुई हो। गुरू रविदास दर्शन के लिए खेड़ा मस्तान निवासी रामपाल सिंह का पूरा परिवार खरालगढ़ के लिए गया हुआ था। खरालगढ़ पहुंचने पर जैसे ही गाड़ी को खड़ा करके पैदल यात्रा करते हुए पहाड़ी से नीचे उतरने लगे तो नीचे उतरते समय मंदिर के करीब पहुंचे ही थे। अचानक पीछे से बड़ी गाड़ी ट्रक बड़ी तेज गति से आते हुए सभी लोगों को कुचलता चला गया, जिसमें लगभग 30 से 40 लोगों की मौत हुई, जिसमें 5 लोग रामपाल सिंह के परिवार से हैं, जिसमें उनके पुत्र सुरेश पाल पुत्र रामपाल सिंह, गीता पत्नी पुष्पेंद्र, उन्नति पुत्री पुष्पेंद्र, रामो पुत्री शीशपाल काकड़ा, राहुल पुत्र मैनपाल, इन 5 लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 5 लोग गंभीर हैं। जिसमें पुष्पेंद्र पुत्र रामपाल सिंह के दोनों पैर डैमेज हो गये। रश्मि पुत्री सुदेश पाल का एक पैर डैमेज हो गया और एक भुजा डैमेज हो गई। जो कि पीजीआई चंडीगढ़ में हैं। टीना पुत्री नरेश का एक पैर कट गया है। सुशीला पत्नी नरेश की अभी हालत गंभीर है। जो पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती हैं। प्रियांशु पुत्र अरुण की हालत भी गंभीर है। ये भी पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती है। दूसरी ओर जानकारी मिलते ही थाना फुगाना के एसओ पुलिसबल के साथ एवं भीम आर्मी के जिला महासचिव एडवोकेट विकास अंबेडकर तत्काल अपनी टीम के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उक्त घटना की जानकारी ली और ऐसी स्थिति में उनकी हर संभव मदद करने की बात कही। दूसरी और अंतिम संस्कार में केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान और पूर्व विधायक उमेश मलिक के अलावा उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह भी शामिल हुए और परिवार को सांत्वना दी। इसके अलावा रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह ने भी फोन पर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी है। कुल मिलाकर पूरे गांव में भारी शोक व्याप्त है।

## असद एन्काउंटर से जुड़ी संक्षिप्त खबरें ....

### चुनाव को देखते हुए एनकाउंटर करा रही भाजपा : अखिलेश

**लखनऊ , 14 अप्रैल(एजेंसी)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, पहले दिन से BJP चुनाव को देखते हुए एनकाउंटर कर रही है। मैं इखढ से पूछना चाहता हूं कि जिन अधिकारियों ने एक ब्राह्मण मां-बेटी पर बुलडोजर चलाया उन्हें क्यों नहीं मिट्टी में मिलाया?...क्या आज का भारत यह है कि कमजोर की जान ले लें? क्या संविधान में जो अधिकार है वो नहीं मिलेंगे? सपा सांसद डिंपल यादव ने असद अहमद के एनकाउंटर पर कहा है कि, देश में कानून का राज है और यूपी में फर्जी मुठभेड़ हो रहे हैं। यूपी में कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

### यूपी एसटीएफ ने दर्ज कराई एनकाउंटर की एफआईआर

**लखनऊ ।** यूपी एसटीएफ ने एनकाउंटर की एफआईआर दर्ज कराई है और बताया है कि उन्हें मुखबिरों से असद के होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर जब एसटीएफ की टीम ने असद और गुलाम को घेरा तो वह दोनों नहीं रुके और उनकी बाइक झाड़ियों में फंस गई। वहां से दोनों ने कई राउंड फायरिंग की तो पुलिस को भी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इसी दौरान असद और गुलाम को गोली लग गई और दोनों मारे गए।

### सतीश पांडेय से यूपी एसटीएफ कर रही पूछताछ

**लखनऊ ।** यूपी एसटीएफ गुड्डू मुस्लिम से कनेक्शन के चलते सतीश पांडेय से पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि सतीश पांडेय ने ही गुड्डू मुस्लिम को पनाह देते हुए छिपने में मदद की थी।

### असद के मददगार दो को एसटीएफ ने उठाया

**लखनऊ।** झांसी मुठभेड़ में मार गिराया गए पांच लाख के इनामी बदमाश असद और शूटर गुलाम के मददगार के तौर पर एसटीएफ ने बड़ागांव इलाके से दो लोगों को उठाया है। पूछताछ के लिए एसटीएफ पहले उनको बड़ागांव थाने ले आई। यहां से उनको फिर अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। पुलिस का कहना है असद यहां पिछले दो दिन से छिपा हुआ था। उसको यहां छिपने में इन लोगों ने मदद की थी। इन लोगों ने उसको छिपने की जगह दिलाने के साथी एक गाड़ी भी उपलब्ध कराई थी। उन्होंने कहा है कि अतीक और अशरफ को छुड़ाने के लिए पुलिस काफिले पर असद हमला करना चाहता था।

### अतीक के बेटे को लगीं दो गोलियां, गुलाम को लगी एक

**झांसी, 14 अप्रैल(एजेंसी)।** झांसी के पारीछा डैम के पास एनकाउंटर में मारे गए माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम मोहम्मद का शुक्रवार रात 2:30 बजे तक पोस्टमार्टम चला। 3 डॉक्टरों का पैनल शामिल रहा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक सामने आया कि माफिया अतीक के बेटे असद को दो गोलियां लगी हैं। एक गोली पीछे से पीठ में लगकर दिल और सीने को चीरते हुए बाहर निकल गई। जबकि दूसरी गोली सीने में लगी और गले में जाकर फंस गई। डॉक्टरों की टीम ने शरीर के भीतर से गोली को बरामद किया है। वहीं, शूटर गुलाम को सिर्फ एक गोली लगी, जो पीठ में लगकर दिल व सीने को चीरते हुए बाहर निकल गई। गोली से ही दोनों की मौत हुई है। डॉ. शैलेश गुप्ता, डॉ. नीरज सिंह और डॉ. राहुल पाराशर के पैनल ने रात करीब 9 बजे पोस्टमार्टम शुरू किया। दोनों शवों के पोस्टमार्टम करने में करीब 5 घंटे का वक्त लगा। इस दौरान पूरे पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। देर रात तक न तो असद के परिजन झांसी पहुंचे और न ही गुलाम का परिवार लाश लेने के लिए आया। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव पोस्टमार्टम हाउस में रखवाए गए हैं। आसपास भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। बाहर पुलिस का पहरा लगाया गया है। कुछ देर बाद उनके शव को प्रयागराज भेजे जाने की उम्मीद है।

### अतीक बेटे के जनाजे में जाने की मिन्नतें करता रहा

**▶ कई बार जांच अधिकारियों को दिखाई आंखें, बोरे पर बैठे-बैठे कटी रात**

प्रयागराज, 14 अप्रैल(एजेंसी)। अतीक अहमद और उसके छोटे भाई अशरफ से गुरुवार देर रात पुलिस ने पूछताछ शुरू की। रात 10.30 बजे के बाद दोनों को प्रयागराज के धूमनगंज थाने लाया गया। यहां दोनों को आमने-सामने बोरे पर बैठाकर पूछताछ की गई। दोनों को अभी धूमनगंज पुलिस थाने में ही रखा गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इंटेरोगेशन के दौरान अतीक बार-बार एनकाउंटर में मारे गए बेटे असद के जनाजे में शामिल होने की मिन्नतें करता रहा। अतीक ने पुलिस अफसरों से बेटे की तस्वीर भी दिखाने को कहा। हालांकि पुलिस पूरी तरह पूछताछ पर फोकस रही क्योंकि माफिया की सिर्फ 4 दिन की रिमांड ही पुलिस को मिली है। पुलिस के 200 सवालों के सामने माफिया कभी असहज और कभी उग्र नजर आया। ज्यादातर सवालों का जवाब देने से कतराता रहा। केवल हां, हूं में जवाब देता रहा। हालांकि बार-बार सवाल पूछने पर उसने कई बार जांच अधिकारियों को आंखें भी दिखाई। उमेश पाल की हत्या की एफआईआर उनकी पत्नी जया ने धूमनगंज थाने में 24 फरवरी को दर्ज कराई थी। इसमें अतीक, उसका भाई अशरफ, अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन, असद समेत 9 लोगों को नामजद किया गया था। धूमनगंज थाने जाने वाली सड़क को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया गया है। किसी को थाने के आसपास भी फटकने नहीं दिया जा रहा है। उमेश पाल मर्डर केस की जांच कर रहे थानाध्यक्ष धूमनगंज राजेश कुमार मौर्य ने अतीक-अशरफ की रिमांड मांगने के लिए कोर्ट में दलील दी थी। वकील निसार अहमद अतीक और अशरफ से मिलने धूमनगंज थाने पहुंचा। वकील के मुताबिक अतीक बीमार है। पुलिस अतीक से मिलने की इजाजत नहीं दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीजेएम कोर्ट ने कस्टडी रिमांड के दौरान तीन वकीलों को मिलने की इजाजत दी है। फिर भी वकीलों को मिलने नहीं दिया जा रहा है।

### अतीक ने माना- आतंकियों को हथियार सप्लाई किए

**प्रयागराज।** पुलिस ने कोर्ट को दी रिमांड कॉपी में अतीक अहमद का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबंध का खुलासा किया है। रिमांड कॉपी में माफिया अतीक से मिली जानकारी के हवाले से बताया गया है, 'मेरे पाकिस्तान के आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबंध हैं। मेरे पास हथियारों की कोई कमी नहीं है।' 'पाकिस्तान से हथियार ड्रोन की मदद से पंजाब सीमा पर गिराए जाते हैं और स्थानीय कनेक्शन उन्हें इकट्ठा करते हैं। इसी खेप से जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को हथियार मिलते हैं। यदि आप मुझे अपने साथ ले जाएं, तो मैं उस पैसे और घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार और गोला-बारूद को बरामद करने में आपकी मदद कर सकता हूं।'

## दिल्ली में जारी रहेगी बिजली सब्सिडी, मंजूरी मिली

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसी)।** दिल्ली के लोगों को बिजली सब्सिडी मिलती रहेगी। शुक्रवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बिजली सब्सिडी की फाइल को मंजूरी दे दी। अब दिल्ली के 46 लाख से ज्यादा परिवारों को बिजली सब्सिडी मिलती रहेगी। इससे पहले फाइल की मंजूरी को लेकर दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और उपराज्यपाल के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला था। फाइल को मंजूरी मिलने से पहले आतिशी ने कहा था कि आने वाले साल के लिए बिजली सब्सिडी देने का बजट विधानसभा से पास हो चुका है, लेकिन कैबिनेट के इस फैसले की फाइल उपराज्यपाल ने रोक रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मैंने इस मामले पर बात करने के लिए एलजी से 5 मिनट का समय मांगा था, लेकिन उपराज्यपाल ने समय नहीं दिया। इस पर उपराज्यपाल के दफ्तर की ओर से कहा गया कि आतिशी गलत बयान देकर लोगों को गुमराह कर रही हैं। एलजी ने कहा कि सरकार ने बीते छह सालों में निजी बिजली कंपनियों को दिए गए 13,549 करोड़ रुपए का ऑडिट नहीं कराया है। मैं इस बिजली सब्सिडी के फैसले के समर्थन में हूं। लेकिन बिजली कंपनियों को जो सब्सिडी दी गई है, उसका ऑडिट होना चाहिए। चोरी हो रही है तो उसे रोका जाना चाहिए।

## चरणजीत चन्नी बोले- मेरी भी हत्या की जा सकती है

चंडीगढ़, 14 अप्रैल(एजेंसी)। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर आरोप लगाया कि वे मेरी हत्या करवा सकते हैं। चन्नी से आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस को पूछताछ करनी है।चंडीगढ़ स्थित पंजाब कला भवन में चरणजीत चन्नी ने कहा, 'विजिलेंस ने जांच में शामिल होने के लिए पहले 12 अप्रैल को बुलाया था। मैंने उन्हें कहा कि मैं बिजी होने की वजह से नहीं आ सकता।' चन्नी बोले, 'विजिलेंस ने फिर मुझे 20 अप्रैल को बुलाया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सच बोला तो मान सरकार बौखला गई और आज ही बुला लिया गया। पंजाब सरकार ने बैसाखी की छुट्टी होने के बावजूद मेरे लिए विजिलेंस ऑफिस खोला है, ताकि तंग किया जा सके। मैं भगवंत मान की सरकार के अत्याचार सहने के लिए तैयार हूं। पंजाब सरकार मारपीट कर सकती है, यहां तक कि हत्या भी करवा सकती है, लेकिन मैं विजिलेंस ऑफिस अकेले जाऊंगा। पंजाब सरकार मुझे गिरफ्तार कर सकती है।

## मोहन भागवत बोले- हमें देश में विदेशी नहीं चाहिए : गुलामी की कोई अभिव्यक्ति नहीं होती, हम स्वतंत्र रहने के लिए ही स्वतंत्र हुए हैं

**अहमदाबाद, 14 अप्रैल(एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद में करीब आठ साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत सार्वजनिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित किया। जीएमडीसी मैदान पर आयोजन समाजशक्ति संगम में उनके साथ गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और गृहराज्य मंत्री हर्ष सांघवी भी मौजूद रहे। संघ प्रमुख ने इससे पहले 2015 में सार्वजनिक तौर एक कार्यक्रम को संबोधित किया था। अपने संबोधन में भागवत ने कहा- डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का आज जन्मदिन मनाया जा रहा है। हर महीने की 14 तारीख को बदलाव की तारीख होती है। सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में भ्रमण करता है। हमारे देश को सशक्त बनाने और दुनिया का मार्गदर्शन करने वाली यह महान शख्सियत का जन्म भी 14 अप्रैल को हुआ। डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का जन्म एक ऐसी घटना थी, जिस पर किसी का ध्यान नहीं गया। मतभेद खत्म करने की दिशा में हम बदलाव ला रहे हैं। हमें देश में विदेशी नहीं चाहिए, हमें अपना राज्य चाहिए, क्योंकि गुलामी की कोई अभिव्यक्ति नहीं होती। हम स्वतंत्र रहने के लिए ही स्वतंत्र हुए हैं। बार-बार हम हारे क्यों। क्योंकि, हम पर राज करने वाले तो बहुत दूर से आए थे। वे हमारी संस्कृति और आबो-हवा से परिचित नहीं था। इसका कारण हमारी दुर्बलता थी। अगर ये दुर्बलता नहीं जाएगी तो ये दौर बार-बार आएगा। हमारी समस्या है कि हम ये सोचते हैं कि शुरूआत कौन करेगा। हम सोचते रहते हैं कि कोई न कोई तो शुरूआत करेगा। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। हमें खुद ही उठ खड़ा होना चाहिए।

## बेटे के जनाजे में शामिल होने के लिए आ सकती है शाइस्ता

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन बेटे के जनाजे में शामिल हो सकती हैं। संभावना जताई जा रही है कि असद का शव झांसी से आने के बाद जनाजे में शामिल हो सकती है। शाइस्ता परवीन को उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी बनाया गया है और उस पर शूटरों की मदद करने का आरोप है। अतीक अहमद नैनी जेल में बंद है और उसको बेटे के जनाजे में शामिल होने की अनुमति मिलेगी इसकी संभावना कम ही नजर आ रही है। चाचा अशरफ भी जेल में हैं। असद के चारों भाई भी जेल में या पुलिस अभिरक्षा में संरक्षण गृह में रखे गए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि शाइस्ता बेटे का अंतिम दर्शन करने के लिए आ सकती है। इसकी आशंका को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स और सादे वेश में महिला फोर्स को तैनात किया गया है। शाइस्ता आती है तो उसे गिरफ्तार किया जा सकता है।

## अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से, 17 अप्रैल से होंगे पंजीकरण

**जम्मू, 14 अप्रैल(एजेंसी)।** श्री अमरनाथ यात्रा 2023 की घोषणा कर दी गई है। इस बार यात्रा एक जुलाई से शुरू होंगी जो 62 दिन तक चलेगी। 17 अप्रैल से ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड के माध्यम से पंजीकरण शुरू होगा। जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने बताया कि यात्रा को सुगम और आसान बनाने के लिए सरकार सभी प्रकार के इंतजाम कर रही है। वर्ष 2023 में चलने वाली 62 दिवसीय यात्रा 1 जुलाई को शुरू होकर 31 अगस्त को संपन्न होगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को पवित्र तीर्थ यात्रा और पंजीकरण की तारीखों की घोषणा करते हुए कहा कि प्रशासन सुचारू और परेशानी मुक्त तीर्थ यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## शव लेने झांसी पहुंचा असद का फूफा

**झांसी, 14 अप्रैल(एजेंसी)।** एसटीएफ मुठभेड़ में ढेर हुआ माफिया अतीक अहमद का पुत्र असद का शव उसका फूफा उस्मान शाम करीब सात बजे झांसी पहुंचा। उसके साथ दो अधिवक्ता भी प्रयागराज से यहां पहुंचे हैं। परिजनों के यहां पहुंचने के बाद पुलिस ने शव को उनके कब्जे में देने की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, शूटर गुलाम का शव लेने के लिए अभी तक कोई भी व्यक्ति यहां नहीं पहुंचा। मुठभेड़ के 24 घंटे बाद भी असद और गुलाम के शव लेकर यहां भारी ऊहापोह मची हुई थी। पुलिस अफसर भी शव सौंपने को लेकर पशोपेश में फंसे हुए थे।

## तीन शातिर चोर गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** शहर कोतवाल ने दर्जनों चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले 3 बदमाशों को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महावीर सिंह चौहान ने सुजडू निवासी फिरोज, शाहरुख व अब्दुल्लाह को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। पुलिस के अनुसार उक्त लोग गिरोह बनाकर घरों में चोरी की वारदात करते हैं।

## पुलिस ने अवैध शराब सहित 6 गिरफ्तार किए

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 6 लोगों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने किदवईनगर निवासी मोहम्मद सुहेल व साकिब को 44 पव्वे अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके अलावा शहर कोतवाली पुलिस ने रामपुरी निवासी सुभाष को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नई मंडी पुलिस ने रथेड़ी निवासी गुलजार व जुनैद को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शहर कोतवाली पुलिस ने लिसाड़ी गेट मेरठ निवासी इदरीश को 45 पव्वे अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके अलावा खालापार निवासी रहमान को भी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## अवैध शस्त्रों के साथ सात गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** पुलिस ने 7 लोगों को अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर कोतवाली पुलिस ने काली नदी के पास से सुजडू निवासी आसिफ व रिजवान को अवैध शस्त्रों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शहर कोतवाली पुलिस ने शहीद चौक से मौहल्ला कस्सावान निवासी आमिर को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नई मंडी पुलिस ने शेरनगर निवासी साबिर अली को गांव सिलाजुड्डी के पास से अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सिविल लाइन पुलिस ने मदीना कॉलोनी निवासी मौहम्मद शाहरुख को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सिविल लाइन पुलिस ने नुमाइश केम्प के सामने रहने वाले हसनैन को भी एक तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## भाई के घर रह रही किशोरी का अपहरण

**मुजफ्फरनगर, 14 अप्रैल (बु.)।** नई मंडी क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर में अपने भाई भाभी के घर रह रही किशोरी संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। किशोरी के पिता ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री पटेल नगर में अपने भाई भाभी के घर रह रही थी। 13 अप्रैल को उसकी पुत्री संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। पीड़ित ने पुलिस से अपनी पुत्री को तलाशने की गुहार लगाई है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## मकान से सिलेंडर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**गढ़ीपुख्ता, 14 अप्रैल (बु.)।** गढ़ीपुख्ता निवासी दीपक बीती रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान दो अज्ञात चोर घर में घुस गए तथा रसोई में रखा सिलेंडर चोरी कर फरार हो गए। सुबह सिलेंडर गायब देखकर पीड़ित दीपक ने गढ़ीपुख्ता थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से सिलेंडर भी बरामद कर लिया। पूछताछ में चोरों ने अपने नाम अजय पुत्र मुकेश निवासी मौहल्ला कश्यपपुरी व कुलदीप पुत्र सोमा बताए। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। थाना प्रभारी दिलीप कुमार शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। वहीं एक अन्य मामले में गढ़ीपुख्ता थाने के उपनिरीक्षक शिवनंदन शर्मा ने जिला बदर नवाजिश पुत्र यासीन निवासी मौहल्ला कश्यपपुरी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**मीरापुर, 14 अप्रैल (बु.)।** गांव रूमालपुरी निवासी उदयवीर पुत्र रामफल सिंह बुधवार की सुबह बाइक पर सवार होकर खतौली जा रहा था। जैसे ही इसकी बाइक कुतुबपुर गंगनहर के निकट पहुंची, तभी एक ट्रैक्टर-ट्राले के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार उदयवीर गंभीर घायल हो गया। सुबह सैर के लिए घूमने जा रहे लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से जानसठ अस्पताल भिजवाया तथा ट्रैक्टर ट्राले को कब्जे में ले लिया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते उसे मेरठ रैफर कर दिया। मेरठ के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के इकलौते पुत्र शिवम ने मुखाग्नि दी। उदयवीर की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## काकड़ा गोलीकांड के दो आरोपी शाहपुर पुलिस के हत्थे चढ़े

**शाहपुर।** स्थानीय पुलिस ने गांव काकड़ा के युवक को गोली मारकर घायल करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे व कारतूस बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि गांव काकड़ा में दो दिन पूर्व 18 वर्षीय युवक मयंक को गोली मारकर घायल करने वाले दो आरोपी देवबंद क्षेत्र के गांव कुरलकी निवासी आयुष व गांव कुटबी निवासी रोहित उर्फ कल्ला गांव चांदपुर के पास मौजूद है, जो फरार होने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से एक-एक तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही कर उनका चालान कर दिया । इसके अलावा पुलिस ने थाना कोतवाली क्षेत्र के ईदगाह रोड कुंगरपट्टी निवासी गुलशन को चैकिंग के दौरान एक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।